

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 लड्डू विवाद के बीच तिरुपति मंदिर पहुंच गए सीजेआई चंद्रचूड़........... | रविंद्र जडेजा के टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे, बनाए ये........... 12

वर्ष : 15 | अंक : 169 | नई दिल्ली, मंगलवार, 01 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति से भेंट की

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं में से भारतीय पुलिस सेवा का अपना एक अलग महत्व है। कानून और व्यवस्था न केवल शासन की आधारशिला है, बल्कि यह आधुनिक राष्ट्र का आधार भी है। सरल शब्दों में, हम यह भी कह सकते हैं कि कई स्थलों और कई स्थितियों में वे साथी नागरिकों के लिए राष्ट्र का चेहरा और राष्ट्र की प्रशासनिक मशीनरी के साथ उनका संपर्क होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखता है, ऐसे में आईपीएस अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आर्थिक विकास और सामाजिक विकास तभी संभव है जब कानून का शासन स्थापित हो। कानून और व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के बिना प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाती है। राष्ट्रपति ने हाल के वर्षों में महिला आईपीएस अधिकारियों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनकी बढ़ती संख्या पुलिसिंग के समग्र



चरित्र और पुलिस-समुदाय संबंधों को बेहतर बना सकती है और यह राष्ट्र के लिए भी लाभप्रद सिद्ध होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखना, अपराध की रोकथाम और पता लगाना तथा पुलिसिंग के अन्य पहलुओं को प्रौद्योगिकी में प्रगति से लाभ मिला है। हालांकि, इसका दूसरा पहलू यह है कि अपराधियों और आतंकवादियों ने भी प्रौद्योगिकी का सहारा लिया है। जब दुनिया भर में साइबर अपराध और साइबर युद्ध बढ़ रहे हैं, तो आईपीएस अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे तकनीक के जानकार होने के साथ-साथ अपराधियों से एक कदम आगे भी रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि आईपीएस अधिकारियों को सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारियां कभी-कभी बेहद तनावपूर्ण हो सकती हैं। इसलिए, उन्हें कभी भी अपने मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने उन्हें योग, प्राणायाम और विश्राम तकनीकों को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने उन्हें यह भी याद रखने की सलाह दी कि 'आईपीएस' में 'एस' का मतलब सेवा है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका सबसे बड़ा ध्येय राष्ट्र और उसके नागरिकों की सेवा करना है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 75,885

चांदी 92,500

सेंसेक्स 84,554

निफ्टी 25,790

## संक्षिप्त खबरें

### एयर चीफ मार्शल सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाला




नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने वायु सेना के नये प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वायु सेना के अनुसार एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें वायु सेना मुख्यालय वायु सेना भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नये वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिंह को कार्यभार सौंपा। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वायु सेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एयर चीफ मार्शल सिंह को 21 सितम्बर को नया वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना की फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की लंबी सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को संभाला है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र रहे अधिकारी एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के स्थिर और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

### ग्रीन वार रूम की मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई आठ सदस्यीय टीम- गोपाल राय

# आप सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ विंटर एक्शन प्लान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्रीन वार रूम लॉन्च किया

- दिल्ली सरकार के उठाए गए कड़े कदमों की वजह से प्रदूषण में 34.6 फीसद की कमी आयी
- ग्रीन दिल्ली ऐप पर अब तक 80,473 शिकायतें आयी हैं, जिसमें से 88 फीसद शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में सोमनार प्रदूषण के खिलाफ विंटर एक्शन प्लान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्रीन वार रूम लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन वार रूम में मॉनिटरिंग के लिए 8 सदस्यीय टीम को लगाया गया है। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण प्रदूषण में भारी कमी दर्ज की गई है। 2016 में प्रदूषित दिनों की संख्या जहां 243 थी वह 2023 में घटकर 159 हो गई है। दिल्ली के वायु प्रदूषण में 34.6 फीसद की कमी हुई है। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता अभियान के तहत में 1 अक्टूबर को कनॉट प्लेस में हरित कलश यात्रा₹ निकाली जायेगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि ग्रीन वार रूम में 8 सदस्यीय टीम का नेतृत्व एनवायरमेंट वैज्ञानिक डॉ. नंदिता मोइत्रा करेंगी । साथ ही साथ ग्रीन वार रूम में प्रदूषण से संबंधित कारकों को बेहतर रूप में विश्लेषण करने के लिए एनवायरमेंट इंजीनियर को लगाया गया है। यह टीम प्राथमिक प्रदूषकों के स्तर, प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उपायों और ग्रीन दिल्ली ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की निगरानी करेगी। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कई एजेंसियां काम कर रही हैं। उनके समन्वय के लिए ग्रीन वार रूम स्थापित किया है। इस वार रूम के मेम्बर, ग्रीन दिल्ली ऐप पर जितनी शिकायतें आएंगी, उसे संबंधित 33 विभागों तक पहुँचाने तथा उसे मॉनिटर करने का काम करेंगे। गोपाल राय ने आगे बताया कि ग्रीन दिल्ली ऐप पर अभी तक 80,473 शिकायतें आई हैं। जिसमें से 88 फीसद शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। दिल्ली के लोगों से अपील है कि ग्रीन दिल्ली ऐप को अपने मोबाईल फोन पर डाउनलोड कर लें। दिल्ली में कहीं भी निर्माण कार्य चल रहा है और नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसकी शिकायत ग्रीन दिल्ली ऐप पर करें। अगर आप आंख कान बनेंगे तो हम लोग आपस में मिलकर प्रदूषण को खत्म कर सकते हैं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 25 सितंबर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की है। विंटर एक्शन प्लान के तहत विभागों ने अपना काम शुरू कर दिया है। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदम के कारण प्रदूषण में भारी कमी दर्ज की गई है। हम आज से, वार रूम से प्रदूषण के विरूद्ध इस अभियान की शुरूआत कर रहे हैं। जब से हमारी सरकार बनी और हमने प्रदूषण नियंत्रण के उपाय लागू करने शुरू किए। उसका परिणाम यह हुआ कि पिछले सालों में प्रदूषण में 34.6 प्रतिशत की कमी आई है और हमारी यह उपलब्धि दिल्लीवासियों के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 1 अक्टूबर को जनजागरूकता अभियान के तहत कनॉट प्लेस में ₹ हरित कलश यात्रा₹ निकाली जायेगी। इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के हरित क्षेत्र का विकास करना है।

### 7 सूत्रों पर की जाएगी मॉनिटरिंग

- ड्रोन की मॉनिटरिंग
- रियल टाईम सोर्स एपसोर्समेंट स्टडी
- पराली जलाने एवं खुले में कचरा जलाने से संबंधित नाशा सेटलाइट डेटा
- ग्रीन एप पर आई शिकायतें
- 13 हॉटस्पाट स्टेशन का मॉनिटरिंग
- 24 मानिटरिंग स्टेशन के डाटा का विशलेषण
- एक्यूआई का विशलेषण

# मोदी झारखंड में करेंगे 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड का दौरा करेंगे और 83,300 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी झारखंड के हजारीबाग में दोपहर बाद लगभग दो बजे देश भर में जनजातीय समुदायों के व्यापक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू करेंगे। यह अभियान लगभग 63 हजार गांवों को कवर करेगा, जिससे 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2740 ब्लॉकों में पांच करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ होगा। इसका लक्ष्य केंद्र सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभाग द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल की संतृप्ति प्राप्त करना है। श्री मोदी जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन करेंगे और 2800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत 1360 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1380 किलोमीटर से अधिक सड़क, 120 आंगनबाड़ियां, 250 बहुउद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास शामिल हैं। प्रधानमंत्री इसके अलावा पीएम जनमन के तहत ऐतिहासिक उपलब्धियों की एक श्रृंखला का भी अनावरण करेंगे, जिसमें लगभग तीन हजार गांवों में 75 हजार 800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल चिकित्सा इकाइयों का संचालन, 500 आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन, स्थापना तथा 250 वन धन विकास केंद्रों और 5550 से अधिक पीवीटीजी गांवों को 'नल से जल' से संतृप्त करना शामिल है।


# गुणवत्ता पर ध्यान देकर ब्रांड इंडिया को मजबूत करें विनिमार्ता: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

मेक इन इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने पर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को यहां भारतीय उद्योग जगत के साथ एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप स्वास्थ्य प्रथाओं के माध्यम से ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामानों के उत्पादन को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री गोयल ने इस अवसर पर विनिर्माण उद्योग से ₹शून्य पर्यावरणीय प्रभाव₹ और ₹शून्य त्रुटि के साथ मेक इन इंडिया अभियान को तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने इस संवाद सत्र में 140 से अधिक पीएलआई लाभार्थी कंपनियों के सीईओ के साथ बातचीत करते हुए, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उनकी उपलब्धियों को उत्साह जनक बताया। श्री गोयल ने पीएलआई लाभार्थी कंपनियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना के तहत काम कर रही कंपनियां महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने, नौकरियां पैदा करने और भारत को विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में सहायक रहे हैं। उन्होंने कंपनियों के सीईओ से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने उत्पादों में घरेलू मूल्यवर्धन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री गोयल ने उद्योग जगत से इस संबंध में घरेलू विनिमार्ताओं का समर्थन करने का भी आग्रह किया। तीन घंटे की लंबी बातचीत के दौरान, लाभार्थी कंपनियों के सीईओ ने पीएलआई योजनाओं पर अपने दृष्टिकोण साझा किए, योजनाओं की प्रभावशीलता में सुधार और कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए अपने अनुभवों, सफलता की कहानियों और सुझावों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। बातचीत के बीच सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के मन की बात के प्रसारण के 114वें संस्करण को देखा, जिसमें श्री मोदी ने बताया कि कैसे ₹मेक इन इंडिया₹ अभियान ने भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनाने में योगदान दिया है जिसके परिणामस्वरूप निर्यात में वृद्धि हुई है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में निरंतर वृद्धि के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, कपड़ा, विमानन, ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों में भारत मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश अब ₹गुणवत्ताः वैश्विक मानकों के उत्पाद₹ और ₹वोकल फॉर लोकलः स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# गडकरी ने छत्तीसगढ़ को दी 10,000 करोड़ की सौगात

रायपुर/नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ को दस हजार करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी है। इस राशि से राज्य में चार नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इन परियोजनाओं से राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी। इन परियोजनाओं के लिए डीपीआर को केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सोमवार को नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक के दौरान इन परियोजनाओं पर चर्चा की। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर गहन मंथन हुआ। सीएम विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। इसके बाद प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि ₹छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने राज्य में 4 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आदरणीय गडकरी जी ने रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच पहले फेज का कार्य रिकॉर्ड 4 महीने में पूरा करने पर हमारी सरकार की तारीफ की, जिससे हमें और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इन परियोजनाओं की स्वीकृति से राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और परिवहन की सुविधाएं बेहतर होंगी। इसके साथ ही प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। हमारी सरकार सभी परियोजनाओं को समय पर और बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए पूर्णतः संकल्पित है। मैं स्वयं हर सप्ताह इनकी प्रगति की समीक्षा कर रहा हूँ, ताकि राज्य के विकास में कोई बाधा न आए। सभी अधिकारियों को कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इन परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी का समस्त प्रदेशवासियों की तरफ से सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ।

**मतदान** | तीसरे चरण में 25 पूर्व मंत्री और विधायकों समेत कई नामचीन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा.......

# जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। तीसरे चरण में 40 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, जिनमें से 16 कश्मीर घाटी में और 24 जम्मू में हैं। ये विधानसभा क्षेत्र सात जिलों कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा, उधमपुर, कठुआ, सांबा और जम्मू में फैले हैं। जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था। चुनाव के तीसरे चरण में न केवल 415 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, बल्कि यह भी पता चलेगा कि जम्मू-कश्मीर में 08 अक्टूबर को कौन सी पार्टी अगली सरकार बना सकती है। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक 40 विधानसभा सीटों पर 39.18 लाख मतदाता पंजीकृत हैं तथा 5060 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। तीसरे चरण में 25 पूर्व मंत्री और विधायकों समेत कई नामचीन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में छंब विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता तारा चंद, बारामूला से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के बशारत बुखारी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी रमजान, भारतीय जनता पार्टी के शाम लाल शर्मा और देवेंद्र सिंह राणा तथा कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह और उस्मान मजीद शामिल हैं। कश्मीर में सबकी निगाहें अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) पर होंगी, जिसका नेतृत्व सांसद अब्दुल रशीद शेख कर रहे हैं, जिन्हें इंजीनियर रशीद के नाम से जाना जाता है। उन्हें अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा किया गया था और उन्होंने विधानसभा चुनावों के लिए जमकर प्रचार किया है। जम्मू जिले में चुनावी मैदान में 109 उम्मीदवार हैं, इसके बाद बारामूला में 101, कुपवाड़ा में 59, बांदीपोरा में 42,




उधमपुर में 37, कठुआ में 35 और सांबा में 32 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जम्मू संभाग के उधमपुर जिले के उधमपुर पश्चिम में 12 उम्मीदवार, 60-उधमपुर पूर्व में 09, चेनानी में 09, जबकि रामनगर में 07 उम्मीदवार मैदान में हैं। कठुआ जिले के बनी में 08 उम्मीदवार, बिलावर में 04, बसोहली में 04, जसरोटा में 08, कठुआ में 05 और हीरानगर विधानसभा क्षेत्रों में 06 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। सांबा जिले के रामगढ़ में 07 उम्मीदवार रह गए हैं, सांबा में 14 और विजयपुर में 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। जम्मू जिले के बिश्नाह में 09 उम्मीदवार, सुचेतगढ़ में 11, आर.एस. पुरा-जम्मू दक्षिण, बाहु में 12, जम्मू पूर्व में 09, नगरोटा में 08, जम्मू पश्चिम में 12, जम्मू उत्तर में 17, मढ़ में 06, अखनूर में 03 और छंब विधानसभा क्षेत्र में 08 उम्मीदवार हैं। इसी तरह कश्मीर संभाग के कुपवाड़ा जिले के करनाह में चुनाव के लिए 08 उम्मीदवार, त्रेहगाम में 10, कुपवाड़ा में 08, लोलाब में 11, हंदवाड़ा में 07, और लंगेट में 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। बारामूला जिले के सोपोर में 20 उम्मीदवार, रफियाबाद में 12, उरी में 06 बारामूलामें 25, गुलमर्ग में 13, वागूरा-क्रीरी में 12, और 13-पट्टन विधानसभा क्षेत्रों में 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। बांदीपोरा जिले के सोनावारी में 18 उम्मीदवार, बांदीपोरा में 19 और गुरेज में 05 उम्मीदवार मैदान में हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में पहले और दूसरे दौर का चुनाव क्रमशः 18 और 25 सितंबर को हुआ है। चुनाव परिणाम आठ अक्टूबर को आएंगे।

# सीबीआई ने 32 ठिकानों पर छापेमारी कर 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध नेटवर्क चलाने वाले गिरोह के अलग- अलग शहरों में 32 ठिकानों पर छापामारी करते हुए 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि एजेन्सी ने इस साइबर अपराध नेटवर्क के बारे में जानकारी मिलने के बाद 26 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया था। एजेन्सी ने पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर तलाशी ली। सीबीआई ने चार अवैध कॉल सेंटरों रीजेंट प्लाजा, पुणे में मेसर्स वी.सी. इन्फ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, मुरली नगर, विशाखापत्तनम में मेसर्स वी.सी. इन्फ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में मेसर्स वियाजेक्स सॉल्यूशंस और, विशाखापत्तनम में मेसर्स अटरिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में चल रही ऑनलाइन आपराधिक गतिविधियों में शामिल 170 लोगों को रंगे हाथ पकड़ा और उनसे पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर जांच एजेन्सी ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पुणे से 10, हैदराबाद से पांच और विशाखापत्तनम से 11 गिरफ्तारियां शामिल हैं। अवैध कॉल सेंटरों के कर्मचारियों से पूछताछ और जांच की जा रही है। सीबीआई ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 और 318, 2023 तथा 66-डी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया है। इन कार्रवाइयों के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। इस साइबर अपराध नेटवर्क द्वारा आपराधिक गतिविधि और पीड़ितों को धोखा देने के लिए उपयोग की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, वित्तीय जानकारी, संचार रिकॉर्ड और आपत्तिजनक सामग्री सहित 951 वस्तुएं और 58 लाख 45 हजार रुपये नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई हैं। ये साइबर अपराधी कई प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल थे, जिसमें तकनीकी सहायता सेवाओं के रूप में प्रतिरूपण करना और पीड़ितों से संपर्क करना शामिल था। पीड़ितों को यह विश्वास दिलाया गया कि उनकी पहचान चुरा ली गई है और उनके बैंक खातों में बड़ी संख्या में अनधिकृत लेनदेन किए जा रहे हैं। पीड़ितों को झूठा विश्वास दिलाया गया कि वे कथित तौर पर दिए गए संदिग्ध आदेशों के कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी में थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हरीशताल में नौकायन का लुत्फ उठा सकेंगे सैलानी

**भीमताल, एजेंसी।** ओखलकांडा ब्लॉक के हरीशताल झील में अब सैलानी नौकायन का लुत्फ भी उठा सकेंगे। साथ ही लोहाखाम ताल झील को भी धार्मिक और पर्यटन स्थल से जोड़ा जाएगा। पर्यटन विभाग की ओर से हरीशताल झील और लोहाखाम ताल झील का निरीक्षण कर दोनों झीलों को विकसित करने के लिए सर्वे के बाद प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने की तैयारी है। शासन से धनराशि स्वीकृत होते ही विभाग की ओर से निर्माण कार्य किए जाएंगे। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि हरीशताल झील में सैलानियों की आवाजाही बढ़ाकर स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से ट्रैकिंग रूट, नौकायन संचालन, झील किनारे फुटपाथ, सैलानियों के बैठने के लिए बेंच और कुमाऊंनी शैली के स्थानीय लोगों के मकानों को होम-स्टे से जोड़ा जाएगा। साथ ही लोहाखाम ताल की पौराणिकता से पर्यटकों को रूबरू कराया जाएगा।

### ढेला बैराज नहर में युवक बहा, तलाश जारी

**रामनगर, एजेंसी।** मालधनचौड़ में ढेला बैराज नहर में शुक्रवार शाम एक युवक बह गया था जिसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला है। मालधन चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पूरन चंद्र (42) पुत्र बालीराम नई बस्ती शिवनाथपुर ढाई नंबर का रहने वाला है। शुक्रवार शाम वह ढेला बैराज नहर को पार कर रहा था, तभी वह बह गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। शुक्रवार से युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन वह नहीं मिला। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि युवक मजदूरी करता था और उसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी है।

### संदिग्ध हालात में होटल कर्मी की मौत

**नैनीताल, एजेंसी।** मल्लीताल क्षेत्र में स्थित एक होटल के कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक मामला प्रथम दृष्ट्या हार्टअटैक लग रहा है। यूपी के अमरोहा जिले के हयात नगर निवासी साजिद (33) मल्लीताल स्थित होटल में काम करता था। शनिवार दोपहर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। होटल कर्मी उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने साजिद के परिजनों को बुलाया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि चिकित्सकों के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या मामला हृदयघात का लग रहा है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### अलचौना में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई

**भीमताल, एजेंसी।** ग्राम पंचायत अलचौना के आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बाल विकास परियोजना की ओर से पोषण दिवस मनाया गया। महिलाओं को पौष्टिक आहार की जानकारी दी। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लीला आर्य को सम्मानित किया गया। वहां सीडीपीओ डॉ. रेनू मर्तोलिया, हेमा मासीवाल, रेनू मेहरा, दया बोरा, मंजू पांडे, लीला जोशी, उमा पांडे, निर्मला, आशा, हेमा आदि रहीं।

### विदेशी पर्यटक अपने देश से कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग

**रामनगर, एजेंसी।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व विदेशी पर्यटकों को लुभाने की तैयारी कर रहा है। नए पर्यटन सीजन में विदेशियों के लिए ऑनलाइन बुकिंग सुविधा जल्द शुरू होगी। विदेशी पर्यटक अपने देश से ही रोजर पे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते है। ढिकाला की ऑनलाइन बुकिंग छह अक्तूबर से शुरू होगी और विदेशी पर्यटकों को बुकिंग के लिए भारत में पर्यटन कारोबारियों से संपर्क करने की जरूरत नहीं होगी। बताया कि विदेशी पर्यटक रोजर पे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं। निदेशक ने बताया कि रोजर पे एक ऑनलाइन भुगतान गेटवे और वित्तीय सेवा प्लेट फार्म है।

# धंसी सड़कों से जल्द मिलेगी शहरवासियों को निजात, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने काम हुआ शुरू

**रुड़की, एजेंसी।** नगर निगम ने धंसी सड़कों गड्ढों को भरने के लिए मलबे के ढेर डाल दिए हैं। इससे लोगों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई थी।

शहर में धंसी सड़कों को ठीक करने का काम शुरू कर कर दिया गया है। धंसी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई लगाने काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही यह सड़क अब ठीक हो जाएंगी।



इससे वहां गहरे गड्ढे बन गए थे। इससे इन सड़कों पर आवाजाही के समय हादसे की आशंका बनी हुई थी। अमर उजाला ने इस खबर को प्रकाशित किया, तो नगर निगम ने धंसी सड़कों गड्ढों को भरने के लिए मलबे के ढेर डाल दिए। इससे लोगों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई थी।

26 सितंबर के अंक में अमर उजाला ने धंसी सड़तकों पर डाले गए मलबे और उससे हो रही परेशानी की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। नगर निगम के अधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेते हुए मलबे के ढेर को फैलवा दिया।

साथ ही अब नगर निगम उसे समतल कराकर वहां पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवा रहा है। इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का काम शुरू हो गया है। नगर निगम के एई प्रेम कुमार ने बताया कि घंसी सड़कों को ठीक कराया जा रहा है। वहां पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई जा रही है।

डीएवी रोड, चंद्रपुरी, गणेशपुर आदि में बारिश होने पर अक्सर सड़क धंस जाती है। हर साल यह परेशानी हो रही है। नगर निगम के एई प्रेम कुमार ने बताया कि सड़कों को ठीक करने में हर साल काफी बजट खर्च होता है। बारिश होने पर फिर से सड़क धंस जाती है। उन्होंने बताया कि एडीबी की ओर से जब से सीवर और पेयजल लाइन डाली गई है। तब यह समस्या बनी है। वह इस संबंध में जिलाधिकारी हरिद्वार को रिपोर्ट भेजेंगे।

# कुमाऊं आयुक्त ने नेशनल हाईवे का किया स्थलीय निरीक्षण, ष्टस्सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद

**चंपावत, एजेंसी।** विगत सप्ताह से यातायात के लिए बंद राष्ट्रीय राजमार्ग का आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने स्थलीय निरीक्षण किया। हालांकि बीती देर शाम एनएच की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात के लिए सभी छोटे, बड़े व भार वाहक वाहनों के लिए खोला गया। इस दौरान जिलाधिकारी नवनीत पांडेय सहित जिले के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

प्राप्त सूचना के मुताबिक कुमाऊं आयुक्त ने लंबे समय से स्वांला के पास डेंजर जोन पर हो रहे भू धसाव के स्थाई समाधान हेतु तैयार किए जा रहे प्रस्तावों के बारे में एनएच एवं कंसल्टेंसी एजेंसी टीएचडीसी के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसी के साथ ही आवागमन हेतु एतियातन सावधानी व सुरक्षात्मक रूप से एनएच 09 (स्वाला) में लगातार निगरानी रखने के आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि टनकपुर-पिथौरागढ़ हाईवे पूर्व से ही संवेदनशील था। परंतु विगत बारिश में मलबा आने से यह मार्ग अति संवेदनशील हो गया। बताया गया कि पहाड़ी में लगातार हो रहे जल रिसाव के कारण यह पहाड़ी लगातार शिथिल होती जा रही है। दीपक रावत ने कहा कि इस परेशानी से निजात के लिए स्थाई समाधान हेतु प्लान तैयार किया गया है। इसी के साथ कहा कि शीघ्र ही पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र तथा सड़क के नीचे ट्रीटमेंट के कार्य किए जाएंगे। इस मार्ग को स्थिर करने हेतु ढाल को घटाया जाएगा।



# श्रीबदरीश पंडा पंचायत ने जताई कड़ी आपत्ति, कहा- धाम की परंपराओं और हक-हकूकों पर न फैलाएं भ्रम

**चमोली, एजेंसी।** श्रीबदरीश पंडा पंचायत की प्रबंधकारिणी बैठक में कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा गया कि धाम की परंपराओं और हक-हकूकों पर भ्रम न फैलाया जाए।

श्रीबदरीश पंडा पंचायत की प्रबंधकारिणी ने बदरीनाथ मंदिर व धाम में पूजा-पाठ, परंपरा व हक-हकूकों को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर कड़ी आपत्ति जताई है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दबाव बनाकर बदरीनाथ की परंपराओं व हक-हकूकों में कोई फेरबदल किया गया तो पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने बीकेटीसी की ओर से बनाई गई धार्मिक संवर्ग सेवा नियमावली को सकारात्मक कदम बताया। प्रबंधकारिणी ने बैठक कर कड़ी आपत्ति की। बैठक में कहा गया कि बदरीनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी के लिए पूर्व से निर्धारित हक-हकूक मात्र केरल के नंबूदरी ब्राह्मणों का है, जो रावल व नायब रावल के रूप में नियुक्त होते हैं। अन्य समाज केवल सहयोगी के रूप में अलग-अलग व्यवस्था देखते हैं, जिनके लिए पूर्व से ही नियम और व्यवस्था सुनिश्चित है। वक्ताओं ने कहा कि देवप्रयाग समाज के ब्राह्मण बदरीनाथ धाम पहुंचने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं के पंडा पुरोहित हैं, जबकि डिमरी समाज सिर्फ गढ़वाल व कुमाऊं क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं के तीर्थ पुरोहित हैं।

# आंगन में खेल रहे मासूम को उठा ले गया गुलदार, घर से दूर मिला शव

**घनसाली, एजेंसी।** भिलंगना विकासखंड के हिंदाव पट्टी में घर के आंगन में खेल रहे मासूम को गुलदार उठा ले गया। उसका क्षत-विक्षत शव घर से लगभग 50 मीटर दूर मिला। पिछले तीन माह में गुलदार क्षेत्र में दो बच्चों की जान ले चुका है। जबकि, जिले में इस वर्ष गुलदार के हमले की 11 घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें तीन लोगों की जान गई। इससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। घटना पुर्वाल गांव की है।

यहां रहने वाले अमरू लाल की बेटी मंजू का विवाह पास के ही बण गांव में हुआ है। कुछ दिन पहले मंजू तीन वर्षीय बेटे राज के साथ मायके आई थी। यहां रविवार शाम लगभग छह बजे राज आंगन में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी गुलदार ने उस पर हमला कर



दिया। बच्चों के शोर बचाने पर घर के सदस्य बाहर आए, लेकिन तब तक गुलदार बच्चे को ले जा चुका था।

ग्रामीणों ने गुलदार की खोजबीन शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर बच्चे का अधखाया शव मिल गया। इसी वर्ष 22 जुलाई को पुर्वाल से कुछ दूर स्थित भौड़ गांव में भी गुलदार ने नौ साल की बच्ची को निवाला बना लिया था। इसके बाद वन विभाग ने गांव में शिकारी दल तैनात किया, मगर वो गुलदार को नहीं मार पाया। इसके बाद वन विभाग बेफिक्र हो गया। अब क्षेत्र में गुलदार के फिर सक्रिय होने से ग्रामीण डरे हुए हैं। ग्रामीण विक्रम घणाता, प्रेम अंथवाल और महावीर भट्ट ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि नरभक्षी गुलदार को विभाग मार देता तो यह घटना नहीं होती। रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल ने बताया कि गांव के आसपास कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। शिकारी दल दोबारा से तैनात किया जा रहा है।

# उत्तराखंड के 15 पालीटेक्निक कॉलेजों में बंद होंगी ब्रांच, तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश

**नैनीताल, एजेंसी।** सरकारी विद्यालयों के बाद अब सरकारी तकनीकी संस्थानों में भी कम छात्र संख्या का संकट गहरा गया है। ऐसे में तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्य के 15 राजकीय पालीटेक्निक कालेजों में चुनिंदा पाठ्यक्रम बंद कर छात्रों को दूसरे संस्थानों या पाठ्यक्रमों में स्थानांतरण का विकल्प देने की तैयारी पूरी कर ली है।




निदेशालय की ओर से प्रधानाचार्यों से इसकी तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। इन ब्रांचों से पास आउट छात्रों को प्लेसमेंट में आ रही दुश्वारियां व स्टाफ की कमी से छात्रों का इन कालेजों के प्रति क्रेज घटा है।

तकनीकी शिक्षा निदेशक आरपी गुप्ता की ओर से 26 सितंबर को राजकीय पालीटेक्निक शक्तिफार्म, सल्ट, ताकुला, गणाई-गंगोली, कनालीछीना, बांस, चंपावत, बांसबगड़, जैती तथा नरेंद्र नगर, थलनदी, आमवाला, हिंडोलाखाल, कांडीखाल के अलावा महिला पालीटेक्निक देहरादून के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजा गया है। जिसमें तकनीकी शिक्षा परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय का हवाला देते हुए छात्रों को दूसरे ट्रेड का विकल्प देने को कहा गया है।

# जंगल घास लेने गई महिला पर गुलदार ने किया हमला

**पौड़ी (श्रीनगर), एजेंसी।** जंगल घास लेने गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पौड़ी तहसील चौकीसैंण के ग्राम मरखोला की एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। महिला के गाल, हाथ व कंधे पर गुलदार ने नाखून के निशान मारे हैं। महिला के शोर मचाने पर गुलदार भागा। ग्रामीणों ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाकीसैंण में घायल महिला को भर्ती कराया है। उपचार के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

नायब तहसीलदार पूरण प्रकाश सिंह रावत ने बताया मरखोला गांव की दीपा देवी पत्नी कमल सिंह गांव के समीप जंगल में घास लेने गई थी। जहां बीते कल शाम गुलदार ने उन पर हमला कर दिया।

कहा कि वन विभाग को क्षेत्र में नियमित ग्रश्त किए जाने और ग्रामीणों को जागरुकता बढ़ाए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं।



# नवरात्रि से अल्मोड़ा में शुरू की जाएगी हवाई सेवा, डीएम ने टाटिक स्थित हेलीपैड का किया निरीक्षण



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा शहर के लोगों को हवाई सेवा से जोड़ने की क़वायद फिर से तेज हो गई है। दरअसल, जिला अधिकारी व प्रशासन की टीम ने टाटिक स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया और संबंधित कार्यों का जायजा लिया है। वहीं इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि अल्मोड़ा के टाटिक में बने हेलीपैड में लगभग सारे इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। इसके चलते नवरात्रि से अल्मोड़ा में हेली सेवा शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी ने जानकारी दी है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बार फिर से हेलीकॉप्टर सेवा जल्द ही शुरू होने जा रही है। बताया गया कि टाटिक स्थित हेलीपैड में पहले हेली सेवा शुरू की गई थी। लेकिन हेलीपैड में कई कमियां पाई गई थी। डीएम ने कहा कि इन सभी खामियों को अब दुरुस्त कर लिया गया है। साथ ही कहा कि मानक हेलीकॉप्टर सेवा निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए है। इसके चलते नवरात्रि से अल्मोड़ा में हेली सेवा शुरू की जाएगी। इसमें पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही स्थानिय लोग भी इस सेवा का लाभ लेंगें। इसके अतिरिक्त लोगों को रोजगार भी मिलेगा। बता दें कि अल्मोड़ा में हवाई सेवा शुरू होने के बाद बड़े लोगों के साथ-साथ आम जनता भी सफर कर पाएंगी। इस हवाई सेवा के लिए देहरादून से अल्मोड़ा और अल्मोड़ा से देहरादून का किराया एक बार का 5000 रखा गया है। इसमें राहत की बात यह है कि जहां पहले देहरादून से अल्मोड़ा तक सफर करने के लिए लोगों को करीब 12 घंटे लगते हैं।

# महिला पर रखता था गंदी नजर, मना करने पर पति पर जानलेवा हमला; बनभूलपुरा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**हल्द्वानी , एजेंसी।** पुलिस ने एक युवक पर हत्या की कोशिश सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि युवक पड़ोस में रहने वाली महिला को गंदी नजर से देखता था। मना करने पर आरोपी ने महिला के पति, देवर और अन्य लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। बनभूलपुरा पुलिस ने एक युवक पर हत्या की कोशिश सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि युवक पड़ोस में रहने वाली महिला को गंदी नजर से देखता था। मना करने पर आरोपी ने महिला के पति, देवर और अन्य लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि जब वह निजी कार्यों के लिए छत पर जाती थी तो आरोपी गांधीनगर निवासी अनिल प्रतिदिन अपनी छत पर आकर गंदी नीयत से उसे देखता था। 21 सितंबर को वह छत पर गई तो आरोपी उसे देखने लगा। शिकायत होने पर आरोपी और उसके परिजनों ने माफी मांगी ली।

# सड़क के गड्ढे में गिरी बाइक से छलककर ई-रिक्शा चालक के चेहरे पर गिरा तेजाब

**रुड़की, एजेंसी।** एक दूध बेचने वाला बाइक से जा रहा था। बाइक पर एक तेजाब की बोतल भी टंगी थी। अचानक बाइक गड्ढे में जा गिरी और उस पर टंगी तेजाब की बोतल सड़क पर गिर गई। इसी बीच तेजाब छिटककर एक ई रिक्शा चालक पर जा गिरा।

रुड़की शहर के गड्ढे सड़क की सूरत ही नहीं, बल्कि लोगों को भी जख्म भी दे रहे हैं। इन्हीं गड्ढों की वजह से आज एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेजाब की बोतल लेकर जा रहे एक दूध बचने वाले की बाइक का पहिया गड्ढे में जा गिरा और बाइक अनियंत्रित हो गई। इस बीच जमीन पर गिरी बोतल का ढक्कन खुल गया और तेजाब छलक कर रिक्शा चालक के चेहरे पर जा गिरा, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया और गंभीर घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया है।

शहर में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन इन गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। बावजूद इसके अधिकारी और जनप्रतिनिधि




इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। रविवार को भी इन गड्ढों ने एक ई-रिक्शा चालक को ऐसा जख्म दे डाला, जिसे वह जिंदगीभर नहीं भूल पाएगा।

दरअसल, दोपहर में एक दूध बेचने वाला बाइक से जा रहा था। बाइक पर एक तेजाब की बोतल भी टंगी थी। जैसे ही वह नेहरू स्टेडियम के पास पहुंचा तो बाइक का पहिया एक गड्ढे में जा गिरा। इस दौरान बाइक पर टंगी तेजाब की बोतल भी सड़क पर जा गिरी। इस बीच एक तेज वाहन बोतल के ऊपर से होकर गुजरा तो बोतल से तेजाब इतनी स्पीड से निकला की वह सड़क से ई-रिक्शा लेकर गुजर रहे लाखन निवासी मकतूलपुरी के चेहरे पर जा गिरा।

जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच पूरी घटना पास में ही लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। कोतवाली प्रभारी ऐश्वर्य पाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। घायल ई-रिक्शा चालक के परिजनों से जानकारी ली जा रही है।

# मेक इन इंडिया उत्पादों को खरीदने का आह्वान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात को क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यकर्ताओं से मेक इंडिया उत्पादों को खरीदने का आह्वान किया गया।

जौलीग्रांट बूथ संख्या 104 और 78 में बद्री केदार समिति के अध्यक्ष अजय अजेंद्र और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम को सुना। अजय अजेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 3 अक्तूबर 2014 विजयदशमी के दिन शुरू हुआ था। आगामी 3 अक्टूबर 2024 को पहले नवरात्र पर पूरे 10 साल हो जाएंगे। जो एक सुखद संयोग है। उन्होंने लोगों ने मेक इन इंडिया उत्पादों को खरीदने का आह्वान किया।

मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण करने में झांसी की महिलाओं का जिक्र करते हुए उत्तराखंड के गांव झाला में प्रतिदिन दो घंटे युवाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाने की चर्चा की है। पीएम मोदी ने त्योहारों में मेड इन इंडिया ही खरीदने की अपील की है। जिसका ध्यान रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर ईश्वर रौथाण, पी श्याम, सुशील कपटियाल, राजपाल सिंह नेगी, मदन सिंह बुटोला, दुर्गा प्रसाद काला, विनीत मनवाल आदि उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, मंगलवार, 01 अक्टूबर, 2024

# दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए ग्राउंड जीरो पर उतरी आप सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने शहर में पीडब्ल्यूडी की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया है। इस क्रम में सोमवार सुबह 6 बजे दिल्ली सरकार के सभी कैबिनेट मंत्रियों ने अधिकारियों के साथ विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री आतिशी ने भी सोमवार सुबह दक्षिणी व दक्षिणी पूर्वी दिल्ली में एनएसआईसी ओखला, मोदी मिल फ्लाइओवर, चिराग दिल्ली, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, मथुरा रोड, आश्रम चौक व आश्रम अंडरपास की सड़कों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान पाया की सड़कें जर्जर हालत में है। कई स्थानों पर पाइपलाइन या बिजली की तारें डालने के लिए सड़कें काटी गई लेकिन उन्हें रिपेयर नहीं किया गया है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे है। इस कारण सड़कों पर ट्रैफिक होता है और लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

इस बाबत उन्होंने अधिकारियों की निर्देश देते हुए कहा कि, इन सभी सड़कों को रिपेयर करने का काम जल्द से जल्द और युद्धस्तर पर किया जाए ताकि लोगों को बेहतर सड़कें मिल सकें। मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स(ट्विटर) के जरिये साझा करते हुए कहा कि, दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने की दिशा में आज सुबह 6 बजे से दिल्ली सरकार का पूरा कैबिनेट ग्राउंड जीरो पर उतरकर सड़कों का निरीक्षण कर रहा है। इस क्रम में मैंने एनइसआईसी ओखला, मोदी मिल फ्लाइओवर, चिराग दिल्ली, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, मथुरा रोड, आश्रम चौक व अंडरपास की सड़कों का निरीक्षण किया। ये सभी सड़कें जर्जर हाल में है और जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों की यहां ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए है कि युद्धस्तर पर सड़क पर जरूरी सभी रिपेयर किए जाए ताकि लोगों को बेहतर सड़कें मिल सके। अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में हमारा प्रयास है कि दीपावली तक सभी दिल्लीवालों को गड्ढामुक्त सड़कें मिले।

निरीक्षण के बाद मीडिया से साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, ह्ल2 दिन तक लगातार आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ मैंने दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि, दिल्ली की सड़कें बुरी हालत में है और जगह-जगह से टूटी हुई है।

उन्होंने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्ली विधानसभा में इस विषय में पत्र देकर जल्द से जल्द सड़कों की ठीक करने का आग्रह किया। सीएम आतिशी ने कहा कि, आज दिल्ली सरकार के सारे मंत्री ग्राउंड पर उतरे हुए है। ये फैसला कल एक ऑल मिनस्टर्स मीटिंग में हुआ जिसमें अलग-अलग मंत्रियों ने दिल्ली के अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी ली है। दिल्ली सरकार के सारे मंत्री दिल्ली की सड़कों का निरीक्षण करने उतरे है।

सीएम आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, बतौर मुख्यमंत्री मैंने दक्षिणी दिल्ली और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री गोपाल राय ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री कैलाश गहलोत ने पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री इमरान हुसैन ने केंद्रीय और नई दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। जबकि मंत्री मुकेश अहलावत ने नार्थ व नार्थ वेस्ट दिल्ली की जिम्मेदारी ली है।

उन्होंने कहा कि, एक सप्ताह में दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की 1400 किलोमीटर की सड़कों के एक एक इंच का निरीक्षण होगा। जहाँ भी गड्ढे है, सड़क टूटी है, रिपेयर की जरूरत है उनका निरीक्षण होगा और आने वाले 3-4 सप्ताह में सभी सड़कों को बनाया जाएगा, पॉट-हॉल भरें जाएँगे और हमारी ये कोशिश रहेगी कि, दीपावली तक हम दिल्लीवालों की गड्ढामुक्त सड़कें दे सके।

# डीएम ने दिएं जमीन संबंधी विवादों को अभियान चलाकर निस्तारण के निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय में भूमि संबंधी विवाद, अवैध कब्जे ग्राम समाज, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ एक महीने तक अभियान चलाकर निस्तारण कराए जाने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसा देखा जा रहा है की भूमि विवाद संबंधी शिकायतें ज्यादा आ रही हैं और एक ही शिकायत बार-बार रिपीट हो रही है उनका निस्तारण समय से नहीं हो पा रहा है शिकायत कर्ता इधर-उधर घूम रहा है। उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से अभियान चलाकर भूमि संबंधी शिकायतों का निस्तारण कराएं। कहा कि तहसील दिवस थाना दिवस जिलाधिकारी कार्यालय उप जिलाधिकारी कार्यालय में आने वाले प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं इसके लिए एक महीना अभियान चलाएं। कहा की यदि लेखपाल की जमीन संबंधी विवादों में संलिप्तता पाई जाती है तो किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण के तहसील दिवस और थाना दिवस प्लेटफॉर्म है इनका निस्तारण प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि एक महीने के अंदर आप द्वारा जो आदेश पारित किए गए हैं जो आर्डर जारी किए गए हैं उनका अनुपालन स्वयं कराएं। आप द्वारा आर्डर जारी करने के बावजूद भी उनका अनुपालन कई महीनो तक नहीं हो पता है लंबित रहता है पहले स्वयं द्वारा जारी किए गए ऑर्डरों का अनुपालन प्राथमिकता के साथ कराएं कोई भी मामला लंबित नहीं होना चाहिए।कहा कि किसी भी स्थिति में जमीन पर अवैध कब्जे सभी शिकायत नहीं मिलना चाहिए अन्यथा कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कहा की जो भूमिया जमीन संबंधी कारोबार कर रहे हैं लोगों को परेशान कर रहे हैं गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जे कर रहे हैं उनको चिन्हित कर लिस्ट तैयार किया जाए गरीब के साथ जमीन संबंधी खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 5 साल से ऊपर के जितने लंबित केस हैं उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण करायें।पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने कहा कि जो भूमिया एक जमीन को कई बार अलग अलग व्यक्ति को बेच दे रहे हैं सरकारी जमीन पर कब्जा किये हुए हैं ,लोगों को कब्जा नहीं दे रंहे उनकी एक लिस्ट तैयार किया जाए ऐसे भूमाफियाओं को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।कहा की भूमि विवाद रजिस्टर में सभी मामले दर्ज होने चाहिए । इस अवसर पर उपजिलाधि कारी सदर श्री सुधीर कुमार क्षेत्राधिकारी सदर तहसीलदार सदर नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विशेष हैंडलूम प्रदर्शनी 12 अक्टूबर तक खुली रहेगी

- जनपथ, नई दिल्ली के हैंडलूम हाट में खरीदी काउत्साह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




हथकरघाम और हस्तशिल्प क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। साथ ही यह उन प्रमुख क्षेत्रों में से एक है जो बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं को रोजगार प्रदान करता है। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनएचडीसी) द्वारा 29 सितंबर से 12 अक्टूबर 2024 तक जनपथ, नई दिल्ली के हैंडलूम हाट में ह्लविशेष हैंडलूम प्रदर्शनीह्व का आयोजन हो रहा है। जो शुरू भी हो चुकी है। यह आयोजन वस्त्र मंत्रालय के कार्यालय विकास (हथकरघा) के तत्वावधान में हो रहा है।

इस आयोजन का उद्देश्य हथकरघाम और हस्तशिल्प की शानदार परंपरा को बढ़ावा देना और बुनकरों एवं कारीगरों को बाजार से जोड़ना है।

प्रदर्शनी की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

-90 स्टॉल्स, जहां बुनकर और कारीगर सीधे अपने उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे।

-भारत के अनूठे हैंडलूम और हस्तशिल्प के क्यूरेटेड थीम प्रदर्शन।

-प्राकृतिक रंगों, फैशन में सकुलैरिटी पर कार्यशालाएं। लाइव करघा प्रदर्शन।

-भारत के लोक नृत्य।

-स्वादिष्ट क्षेत्रीय व्यंजन, आदि।

-हथकरघाम और हस्तशिल्प क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। भारत का हैंडलूम क्षेत्र सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जो कृषि क्षेत्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगारदाता है। हैंडलूम बुनाई और हस्तशिल्प की कला में पारंपरिक मूल्य जुड़े होते हैं और प्रत्येक क्षेत्र की अपनी अनूठी विशेषताएँ होती हैं। बनारसी, जामदानी, बलुचरी, मधुबनी, कोसा, इकत, पटोला, तसर सिल्क, महेश्वरी, मोइरांग फी, फूलकारी, लहरिया, खंडुआ, टंगलिया, मधुबनी पेंटिंग, वारली पेंटिंग, आर्ट मेटल वेयर, कठपुतली, हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग, चिकनकारी, बंधेज, टेराकोटा, नकल आभूषण और फ्यूजन क्राफ्ट जैसी उत्पादों की विशिष्टता दुनियाभर के ग्राहकों को आकर्षित करती है।

-भारत सरकार ने हैंडलूम उत्पादों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को शून्य दोष और पर्यावरण पर शून्य प्रभाव के साथ ब्रांडिंग करने के उद्देश्य से हैं। यह न केवल उत्पादों की विशिष्टता को उजागर करता है, बल्कि खरीदार को यह भी आश्वासन देता है कि खरीदा जा रहा उत्पाद वास्तव में हस्तनिर्मित है। प्रदर्शनी में सभी प्रदर्शकों को अपने अनूठे उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिसका उद्देश्य हैंडलूम उत्पादों के बाजार में सुधार और हथकरघा बुनकरों व कारिगरों की आय बढ़ाना है।

प्रदर्शनी 12 अक्टूबर 2024 तक सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में भारत के कुछ अद्वितीय स्थानों से लाए गए हैंडलूम और हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध है।

# प्रॉपर्टी डीलर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा/गजरौला। औद्योगिक क्षेत्र के एफसीआई गोदाम के पास दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर विक्रम सिंह (50) की सिर मे पीछे से गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया था।लेकिन पुलिस ने कुछ ही समय मे हत्यारोपित को तमंचे के साथ चौपला चौकी के नजदीक पकड़ लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में हलचल मच गई। आपको बताते चलें कि मूलरूप से गांव चकनवाला के रहने वाले 50 वर्षीय विक्रम सिंह अपनी पत्नी कश्मीर देवी व पोती शिवानी के साथ नगर के मुहल्ला मायापुरी में रहते थे। वह प्लाट व मकान खरीदने-बेचने का काम किया करते थे। उनका बेटा सुनील अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ मुरादाबाद में रहकर ई-रिक्शा चलता है। विक्रम सिंह चकनवाला गांव के रहने वाले थे। वह दस वर्षों से मायापुरी मोहल्ले में रह रहे थे। हत्यारोपी बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। विक्रम सिंह ने दस साल पहले अपने गांव की जमीन बेच दी थी। इसके बाद वह नगर में आकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने लगे थे। पत्नी कश्मीरी देवी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह घर से निकले थे। सीओ श्वेताभ भास्कर के अनुसार, पुलिस को 12 बजे सूचना मिली कि एफसीआई गोदाम के पास एक व्यक्ति को गोली मारी गई है।इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। घायल विक्रम सिंह को हायर सेंटर पहुंचाने की कोशिश की गई लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर सुधीर कुमार, सीओ श्वेताभ भास्कर और एएसपी राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हत्यारोपी को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र का निवासी है, जिससे पूछताछ की जा रही है। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। घायल विक्रम सिंह को हायर सेंटर पहुंचाने की कोशिश की गई लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर सुधीर कुमार, सीओ श्वेताभ भास्कर और एएसपी राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

# मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट से जारी समन को सीएम आतिशी ने सेशंस कोर्ट में दी चुनौती

प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से जारी समन को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आतिशी को 7 अक्टूबर को पेश होने का निर्देश दिया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने आतिशी को 7 अक्टूबर को पेश होने का आदेश दिया है। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 23 जुलाई को आतिशी को 20 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी।

प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ आपराधिक मानहानि याचिका दायर किया है। 28 मई को कोर्ट ने प्रवीण शंकर कपूर की मानहानि याचिका पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले में अभी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया है। याचिका में प्रवीण शंकर कपूर की ओर से कहा गया है कि केजरीवाल और आतिशी ने भाजपा नेताओं पर झूठा आरोप लगाया कि वे करोड़ों रुपये लेकर भाजपा में शामिल हो जाएं। जबकि इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। प्रवीण शंकर कपूर की ओर से 27 जनवरी के अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए पोस्ट और आतिशी के 2 अप्रैल के प्रेस कांफ्रेंस का जिक्र किया गया। उनकी ओर से कहा गया है कि आरोपियों ने अपने आरोपों के संबंध में कोई साक्ष्य भी पेश नहीं किया। बता दें कि 16 मई को प्रवीण शंकर कपूर के बयान दर्ज किए थे। उनके दायर मानहानि याचिका में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी ने झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाया है कि भाजपा उनके नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है और न ही कोई साक्ष्य पेश किया गया है। याचिका में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी आरोप लगाकर दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से ध्यान भटकाना चाहती है। इसके अलावा केजरीवाल ने पोस्ट कर आरोप लगाया था कि भाजपा ने सात आप विधायकों से संपर्क किया। भाजपा ने 25 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था, ताकि दिल्ली की सरकार गिराई जा सके। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में जैसे ही आतिशी का नाम आया तब से ही उन्होंने बीजेपी के खिलाफ ये आरोप लगाना शुरू कर दिया ताकि दिल्ली आबकारी घोटाला से लोगों को ध्यान हटाया जा सके।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य शुरू

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के पहले चरण में एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) बनाने का कार्य शुरू हो गया है। सूत्रों का कहना है कि वहां मौजूद ढांचे को तोड़कर अगले वर्ष जनवरी में निर्माण कार्य शुरू होगा। दो साल में यहां 14 मंजिला इमारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को लेकर आरएलडीए (रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण) ने अभी तक दो टेंडर निकाले हैं। पहला टेंडर पहाड़गंज की दिशा में एमएमटीएच बनाने का है, जिसके लिए कंपनी को टेंडर दिया जा चुका है। अधिकारियों के अनुसार, यह भवन रेलवे स्टेशन को भूतल पर सिटी बस सेवा के साथ जोड़ेगा, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसमें पांच मंजिलों पर कार और ऑटो पार्किंग का प्रावधान किया गया है और नौ मंजिलों का उपयोग रेलवे कार्यालयों के लिए किया जाएगा। यह दफ्तर तैयार होने पर डीआरएम कार्यालय सहित अन्य दफ्तर इसमें स्थानांतरित किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, स्टेशन के चारों ओर एलिवेटेड रोड नेटवर्क (फ्लाईओवरों) के निर्माण से कनॉट प्लेस में भीड़भाड़ कम होगी और स्टेशन तक पहुंचना आसान होगा। इस परियोजना का लक्ष्य रेलवे स्टेशन को सिटी बस, ब्लू लाइन मेट्रो और एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो के साथ जोड़कर मल्टी-मॉडल परिवहन केंद्र में बदलना है।

# राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल डेंगू पॉजिटिव, दिल्ली में मामले बढ़ने पर एमसीडी पर कसा तंज

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में डेंगू के मामलों का लगातार बढ़ना जारी है। सितंबर के महीने में डेंगू के रिकॉर्ड तोड़ मामले सामने आए हैं। इस बीच राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने भी खुद के डेंगू पॉजिटिव होने की पुष्टि की है। स्वाति ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मुझे पिछले एक हफ़्ते से 103 डिग्री तक बुखार आ रहा है। टेस्ट कराया तो पता चला डेंगू है। दिल्ली में इस हफ़्ते ही डेंगू के 300 से ज्यादा केस रिपोर्ट हुए हैं। हर साल की तरह इस बार भी एमसीडी इस बीमारी की रोकथाम करने में पूरी तरह असमर्थ रही है। जगह-जगह पानी भरा हुआ है, गंदगी है। मैं सबसे आग्रह करती हूँ कि इस बीमारी से बचने के लिए हर संभव प्रयास खुद ही करें। एमसीडी से कोई आशा मत रखें। बता दें कि दिल्ली नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार सितंबर माह में अभी तक डेंगू के कुल 700 से ज्यादा मामले आ चुके हैं। सितंबर महीने में हुई लगातार बारिश के कारण डेंगू के मामलों में तेजी आई है। पिछले सप्ताह तक दिल्ली में डेंगू के 651 मरीज मिले थे।

जनवरी से लेकर अभी तक डेंगू के 1200 से ज्यादा मरीज मिले

अगर जनवरी से लेकर अब तक राजधानी दिल्ली में आए डेंगू के मामलों की बात करें तो कुल 1229 डेंगू के मामलों की पुष्टि हुई है। वहीं, एमसीडी के आंकड़ों के अनुसार इस सीजन में डेंगू से अभी तक किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। जबकि सफदरजंग और लोकनायक अस्पताल में एक-एक मरीज की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह डेंगू के 296 मामले सामने आए थे। अगर पिछले सप्ताह के आंकड़ों को देखें तो डेंगू के सबसे अधिक मामले एमसीडी के 4 जोन में सामने आए थे। एमसीडी ने इस साल डेंगू की रोकथाम के लिए जनवरी से अब तक दिल्ली में 9 लाख घरों का सर्वे किया है। इस दौरान 19000 से अधिक घरों में अभी तक डेंगू का लार्वा मिला है। इनमें से अभी तक एमसीडी ने साढ़े आठ हजार से ज्यादा घरों को नोटिस दिए हैं और 3330 से ज्यादा घरों के चालान काटे हैं।

# पानी भरे प्लॉट में ग्रामीण सेवा की वैन पलटी, चालक की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। इस साल मानसून में बरसात के दौरान जलभराव और खुले नाले की वजह से कई लोगों की जान चली गई। ताजा मामला दिल्ली के बुराड़ी थाना इलाके का है। बुराड़ी पुलिस को सोमवार सुबह सूचना मिली की एक खाली प्लॉट में भरे बरसाती पानी में एक ग्रामीण सेवा की वैन पलट गई। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा और घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने क्रेन की सहायता से ग्रामीण सेवा वैन को बाहर निकाला। वैन में चालक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय भेज दिया। 28 वर्षीय चालक की हादसे में मौतः मृतक की पहचान 28 वर्षीय संजय के रूप में हुई है। जो तोमर कॉलोनी का ही रहने वाला है। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। इस खबर से संजय के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जा रहा है कि वह हर रोज की तरह सुबह अपने घर से ग्रामीण सेवा वैन लेकर निकला था। देर रात करीब 12:30 बजे पार्किंग में वैन को पार्क करने के लिए गया था, लेकिन उस पार्किंग तक पहुंचाने के लिए पानी भरे प्लॉट के बीच बने कच्चे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता था। रास्ते में उसकी वैन पानी में पलट गई। इसकी जानकारी सुबह लोगों को मिली। संजय रात भर उस प्लॉट में फंसा रहा। जिससे उसकी जान चली गई।

## जामिया के छात्र खालिद ने दो कांस्य पदक जीते

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी छात्र मुन्ना खालिद ने इंडोनेशिया के सोलो शहर में आयोजित इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में दो कांस्य पदक जीते हैं। इस चैंपियनशिप का आयोजन बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की ओर से किया गया था। ग्रुप मैच में विजयी होने के बाद खालिद सेमीफाइनल में पहुंचे, लेकिन मैच में दक्षिण कोरिया के नंबर एक खिलाड़ी किम जेजे से वह 12-21 और 11-21 से हार गए। मिक्स्ड डबल में भी उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस वर्ष जुलाई में खालिद ने युगांडा पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते थे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स निदेशक प्रो. औरंगजेब खुर्रम हफीज ने उम्मीद जताई है

# बिहार के 12 जिलों में बाढ़ का कहर, आम आदमी पार्टी ने सरकार से राहत कार्यों में तेजी की मांग की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी बिहार के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा ने संयुक्त बयान जारी कर बिहार एवं केंद्र सरकार से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नेपाल में हुई भारी बारिश के कारण बिहार के 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। दरभंगा, सीतामढ़ी, बेतिया, और बगहा जिलों में हालात सबसे गंभीर हैं, जहां बीते 24 घंटों में 7 तटबंध टूटने के कारण लगभग 3.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। दरभंगा में भारी तबाही, 1 लाख लोग प्रभावित

बबलू प्रकाश ने बताया कि दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड में सहरसा सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कोसी नदी का बांध कल देर रात 12:45 बजे टूट गया, जिससे क्षेत्र के करीब 1 लाख लोग प्रभावित हो गए हैं। बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे इलाके में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सीतामढ़ी और शिवहर में बागमती का कहर

उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी जिले में 22 साल बाद बागमती नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है, जिसके कारण जिले के तीन स्थानों पर तटबंध टूट चुके हैं। वहीं, शिवहर जिले में भी एक स्थान पर बांध टूटने से 10 पंचायतों के 30 गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है, जिससे वहां की लगभग पूरी आबादी संकट में है। अन्य जिलों में भी स्थिति चिंताजनक

श्राजेश सिन्हा ने बताया कि सुपौल, बगहा, बेतिया, सहरसा, और गोपालगंज जैसे जिलों में सैकड़ों घर बाढ़ की चपेट में हैं, और लोग अपने घर-बार छोड़कर दूसरी जगहों पर शरण लेने को मजबूर हैं। बेतिया में लोग दिन-रात घर की छतों पर रहने के लिए विवश हैं, जबकि रक्सौल-सीतामढ़ी रेल रूट के गुरहनवा हाल्ट पर बाढ़ पीड़ित अस्थायी रूप से बसे हुए हैं। बगहा के कई गांवों और खेतों में बाढ़ का पानी फैल चुका है, जिससे वहां की कृषि और आजीविका पर भी बुरा असर पड़ा है।

नेपाल से छोड़ा गया पानी बना बड़ा संकट

नेताओं ने कहा कि नेपाल की ओर से छोड़े गए पानी के कारण बिहार के मैदानी इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैलने की आशंका बढ़ गई है। आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

सरकार से अपील

आम आदमी पार्टी ने बिहार एवं केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि बाढ़ प्रभावित जिलों में तत्काल राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित शरणस्थलों, भोजन, और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# दिल्ली के नामी स्कूल के खिलाफ अभिभावकों का फूटा गुस्सा, मनमानी फीस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल, पीतमपुरा के खिलाफ सोमवार को सैकड़ों अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल ने बिना शिक्षा निदेशालय की मंजूरी फीस में बढ़ोतरी की है और जबरन बढ़ी हुई फीस वसूली जा रही है। 200 से ज्यादा अभिभावकों ने आज न्याय की मांग के साथ शिक्षा निदेशालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष अपराजिता गौतम ने बताया कि स्कूल की ओर से गैर कानूनी फीस की मांग के चलते अभिभावकों को लगातार लीगल नोटिस मिल रहे हैं। जिनसे वो काफी परेशान हैं।

शिक्षा निदेशालय मंजूरी के बिना मनमाने तरीके से फीस वसूलीः अभिभावकों में से एक हितेश जैन ने बताया कि स्कूल शिक्षा निदेशालय (डीओई) की मंजूरी के बिना मनमाने तरीके से फीस की वसूली कर रहे हैं। उनके दो बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं। 2018 से अब तक स्कूल ने दोगुने से भी ज्यादा फीस बढ़ा दी है। इस साल भी फीस में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। जबकि, शिक्षा निदेशालय से स्कूल को फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं मिली है। इसलिए हम शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों से अपनी शिकायत करने आए थे। लेकिन, हमारी बात नहीं सुनी गई। मजबूर होकर हमें प्रदर्शन करना पड़ रहा है। शिक्षा निदेशालय पर स्कूल के खिलाफ कार्रवाई ना करने का आरोपः अभिभावकों ने आरोप लगाया कि शिक्षा निदेशालय भी स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। हम कई बार निदेशालय में स्कूल द्वारा अवैध फीस वसूली की शिकायत कर चुके हैं। प्रदर्शन के लिए सुबह 10 बजे से ही अभिभावक शिक्षा निदेशालय के बाहर पहुंचने शुरू हो गए थे। अभिभावकों के हाथ में फीस वृद्धि के खिलाफ कई तरह के स्लोगन लिखी तख्तियां थीं। हालांकि, उन्हें पुलिस ने धारा 144 लगे होने की भी बात कही, लेकिन अभिभावक नहीं रुके और उन्होंने अपना प्रदर्शन करीब दो घंटे तक जारी रखा। साथ ही वहां एक बॉक्स लेकर शिक्षा अधिकारियों को स्कूल पर कार्रवाई करने के लिए रिश्वत देने के लिए चंदा एकत्रित कर प्रतीकात्मक रूप से भी विरोध किया।

स्कूल ने बच्चों का नाम काटने की दी जा रही धमकीः अभिभावक प्रियंका जैन ने बताया कि उनके भी दो बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल ने बच्चों का नाम काटने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि कोई अधिकारी बिना रिश्वत लिए काम नहीं करता इसलिए रिश्वत देने के लिए हम चंदा एकत्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा पिछले छह महीनों में शिक्षा विभाग के आदेशों को लागू करवाने के लिए बार-बार प्रयास करने के बावजूद, शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

200 से अधिक बच्चों के नाम काटने की है तैयारीः आज स्कूल सभी नियमों की अवहेलना करते हुए 200 से अधिक बच्चों के नाम काटने को तैयार है। अभिभावकों ने प्रदर्शन के दौरान शिक्षा निदेशालय के अधिकारी अनिल कुमार शर्मा (डीडीई), डॉ. बालेश कुमारी विजयरुन (डीडीई), विकास कालिया (आरडीई वेस्ट), देवेंद्र मोहन डिप्टी डायरेक्टर (प्राइवेट स्कूल ब्रांच) आर. एन. शर्मा डायरेक्टर एजुकेशन के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई साथ ही पेरेंट्स से ठगी गई अतिरिक्त फीस जो लगभग 50 हजार रुपए प्रति छात्र है उसकी तुरंत वापसी की भी मांग की।

स्कूल पर 2018-19 से अब तक 17 करोड़ की ठगी का आरोप : अभिभावकों ने बताया कि स्कूल द्वारा 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले छात्रों को स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र (एसएलसी) जारी कर दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

जमुई [ झाझा ] गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर थाना में प्राथमिकी दर्ज कि है। पुअनि नंदन कुमार के द्वारा दर्ज करवाए गए आवेदन में बताया गया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि नागी नदी रामदासपुर घाट से बालू का उठाव किया जा रहा है। जिसके बाद मछिंद्रा गांव के पास पुलिस के पहुंचने पर एक लाल रंग का बालू लदा टैज्क्टर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश जिसे पकड़ा गया और बालू से संबंधित कागजात मांग कि चालक के पास कुछ नही था जिसके बाद चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त किया गया और पकड़े गए चालक जामुखरैया गांव निवासी अरबिंद यादव, और वाहन मालिक नंदन मिस्त्री पर प्राथमिकी दर्ज कि गई।

### अरूणाचल प्रदेश में होने वाले ताइक्वांडो लीग में अमरदेव बने कोच

जमुई [ झाझा ] अरूणाचल प्रदेश स्थित खेला इंडिया स्टेडियम में 3-6 अक्टूबर के बीच आयोजित होने वाले फेज 3 में द्वितीय अस्मिता ताईक्वांडो लीग में प्रखंड क्षेत्र के महापुर पंचायत के तत्वाडीह के रहने वाले अमरदेव कुमार तांती को कोच के पद पर नियुक्त किया गया है। अमरदेव कुमार तांती स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 2016 से लगातार कोच में भेजा जा रहा है और बिहार ताइक्वांडो एसोसिएशन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में भी कोच की भूमिका निभाते आ रहे है। बीते वर्ष 2023 खेलो इंडिया मेघायल में कोच की भमिका निभा चुके है और फिर से उन्हे अरूणाचल प्रदेश में होने वाले ताइक्वांडो लीग में कोच बनाए जाने से प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने उन्हे बधाई दिया।

# जमुई जिलाधिकारी के नाम से साइबर अपराध, फर्जी वाट्सएप अकाउंट बना कर की जा रही है रुपए की मांग

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई : साइबर अपराधों का शिकार इस बार बिहार के एक प्रमुख अधिकारी, जमुई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, हो गई हैं। साइबर अपराधियों ने उनका फोटो और नाम इस्तेमाल कर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया और लोगों से पैसों की मांग शुरू कर दी। इस घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए श्रीमती शर्मा ने जिले के अधिकारियों और आम जनता को सतर्क रहने की अपील की है, साथ ही तत्काल कानून सम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अपराधियों ने जिलाधिकारी के नाम का किया दुरुपयोग : इस अपराध के तहत, साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा का फोटो और नाम लगाकर एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट तैयार किया है। इस फर्जी अकाउंट से +998972395458 नंबर का इस्तेमाल कर अधिकारियों, कर्मचारियों, परिचितों और अन्य स्नेही लोगों से बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से पैसों की मांग की जा रही है। झूठे मैसेज से पैसों की जा रही मांग : श्रीमती शर्मा ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उनके नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट से पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए अपील की है कि इस तरह के किसी भी मैसेज के झांसे में न आएं और ऐसे संदेशों को नजरअंदाज करें। श्रीमती शर्मा ने जोर देकर कहा कि यह एक साइबर अपराध है और किसी को भी ऐसे किसी झूठे संदेश पर भरोसा नहीं करना चाहिए। सतर्क रहें और साइबर पुलिस से करें शिकायत : डीएम जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि अगर किसी को भी उनके नाम से या किसी अन्य अनधिकृत नंबर से पैसों की मांग वाला मैसेज मिले, तो वे उसे अनदेखा करें और तुरंत साइबर पुलिस सेल को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि इस तरह की फर्जी गतिविधियों से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए और तुरंत उस नंबर को ब्लॉक कर देना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने सभी से अपील की है कि वे सतर्क और सचेत रहें और किसी भी फर्जी संदेश से दूर रहें। जिले के अधिकारियों और आमजन को किया गया सचेत : जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उनका कोई भी अधिकारिक संदेश केवल उनके अधिकृत नंबर से ही आता है। अनधिकृत नंबरों से किए जा रहे किसी भी संपर्क को पूरी तरह फर्जी करार देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे नंबरों से किसी भी प्रकार के मैसेज या पैसों की मांग को पूरी तरह अनदेखा करना ही सही है। इस प्रकार के संदेश साइबर अपराध का हिस्सा होते हैं, जिनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन : श्रीमती शर्मा ने इस मामले में गंभीर कदम उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने पुलिस और साइबर सेल को निर्देशित किया है कि इस अपराध की जांच करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर अपराधी अक्सर अधिकारियों और शख्सियतों के नाम का गलत इस्तेमाल कर लोगों से धोखाधड़ी करने की कोशिश करते हैं, इसलिए आमजन को भी इस तरह की घटनाओं के प्रति जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। साइबर अपराध से जुड़ी बढ़ती घटनाएं : साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जहां अपराधी नामी व्यक्तियों के नाम और पहचान का दुरुपयोग कर लोगों को धोखा देने का प्रयास करते हैं। जिलाधिकारी ने इस घटना को एक चेतावनी के रूप में लिया है और जिले के सभी अधिकारियों और आम जनता को इस तरह के फर्जी अकाउंट और मैसेज से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी इस तरह का मैसेज मिलता है, तो उसे तुरंत साइबर पुलिस को सूचित करें ताकि अपराधियों को समय पर पकड़ा जा सके और उन्हें सजा दी जा सके।

# शहर के पुस्तकालय भवन प्रांगण में रग्वी डांस एकेडमी के द्वारा डांडिया का हुआ कार्यक्रम



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई शहर के पुस्तकालय भवन प्रांगण में रग्वी डांस एकेडमी के द्वारा डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद व्यवसाय प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुकेश साव,विधिक संघ के सचिव अमित रंजन, रग्वी डांस एकेडमी के संचालक राहुल कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। वहीं डांस एकेडमी के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजद व्यवसाय प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुकेश साव ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि जिले में इस तरह का कार्यक्रम हो रहा है और हर साल की तरह इस साल भी कार्यक्रम किया जा रहा है। ऐसा तो पहले गुजरात में देखा जाता था। मगर इस बार जमुई जिला में धूम मचा रहा है इसी तरह हर साल होते रहे वहीं अमित रंजन ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व आ रहा है और अगर शहर में इस तरह का डांडिया कार्यक्रम होता है तो शहर वासियों को एक अलग ही तरह का माहौल का नजारा देखने को मिलता है वहीं रग्वी डांस एकेडमी के बच्चों के द्वारा कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुए हैवानियत और अत्याचार को लेकर बच्चों के द्वारा एक छोटी सी झलक प्रस्तुत की गई जिसकी लोगों ने काफी सराहना हुई है मौके पर मौजूद जमुई नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार की देर शाम को थानाक्षेत्र के तत्वाडीह गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में दोनो पक्षों की ओर से थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। एक पक्ष से सुबोध तांती ने दर्ज आवेदन में बताया कि वे अपने घर पर थे कि तभी हिमांशु तांती, प्रियांशु उसका पिता रामचंद्र तांती, मां शोभा देवी घर पर आकर गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध किया तो वे लोग लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। मेरी मां और पत्नी बचाने के लिए आई शोभा देवी ने उनलोगों के साथ भी मारपीट किया और शोभा देवी ने मेरी मां के गले से चांदी का सिकड़ी छिन लिया। दूसरे पक्ष से रामचंद्र तांती ने बैजनाथ प्रसाद तांती, सुबोध तांती, कमलेश तांती आदि पर सब्जी का लत खा जाने के विवाद को लेकर घर पर आकर मारपीट करते हुए पत्नी, दोनो बेटा को घायल कर दिए जाने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनो पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

# ऑल इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन सदस्यों की बैठक आयोजित जिला सम्मेलन करने हेतु विचार विमर्श



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक जय शगुन वाटिका विवाह भवन में जिलाध्यक्ष सह प्रदेश सचिव डा० विभूति भूषण की अध्यक्षता में हुई । इस दौरान आगामी 22 दिसंबर को जिला सम्मेलन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया । इसके अलावा नए सदस्यों को नियमबद्ध तरीके से संगठन की सदस्यता प्रदान करने और परिचय पत्र जिला सम्मेलन के दिन देने का निर्णय लिया गया । इसके अलावा आगामी 20 अक्टूबर को चकाई में संगठन की बैठक करने और नवंबर के तीसरे सप्ताह झाझा में स्वास्थ्य जांच शिविर करने का निर्णय लिया गया । इस दौरान सर्वसम्मति से कुमार हर्ष को संगठन का झाझा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया । जिलाध्यक्ष सह प्रदेश सचिव डा० विभूति भूषण ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा । नए संगठन सदस्यों को जोड़कर संगठन को सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा । पत्रकार हित से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और इसके लिए हर हाल में संघर्ष किया जाएगा । इस मौके पर हेमंत सक्सेना , नितेश कुमार केसरी , विकास कुमार , विवेक कुमार सिंह , विनय कुमार , संजीत बरनवाल , राकेश कुमार , राजीव रंजन , नंदन कुमार पासवान , विश्वजीत कुमार , भानु कुमार , कन्हैया कुमार सिंह , रवि कश्यप समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे

# हक दो-वादा निभाओ अभियान के तहत बड़ी तादाद में लाल झंडा के साथ निकाला जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई [झाझा] भाकपा माले प्रखंड कमिटी की ओर से रेलवे-स्टेशन झाझा के अम्बेदकर मंच स्थल से भाकपा माले के हक दो-वादा निभाओ अभियान के तहत बड़ी तादाद में लाल झंडा के साथ जुलूस निकाल कर बाजार होते हुए झाझा प्रखंड मुख्यालय पर अपने मांगो के सवाल पर गगनभेदी नारा लगाया तत्पश्चात प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गई कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता एवं बाराकोला पंचायत के पूर्व मुखिया कॉमरेड रमेश यादव ने किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले के झाझा प्रखंड सचिव कॉमरेड कंचन रजक ने कहा पूरे बिहार में सर्वे कार्यक्रम चलाया जा रहा परंतु यह सर्वे नहीं गरीब उजाड़ों अभियान है वहीं अंचल कार्यालय एवं राजस्व कर्मचारी जनता को लूट कर मालामाल हो रहे हैं और जिला प्रशासन मौन है । जनता के सवाल पर संघर्ष करने वाले को जेल का भय दिखाया जा रहा है सरकार ने सर्वे कर रिपोर्ट जारी किया था कि बिहार में चौरानवें लाख से अधिक महा गरीब हैं उन महागरीबों को दो लाख रुपए रोजगार के लिए अनुदान देंगे परंतु जब महागरीब आय प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करते हैं तो बिना जांच के राजस्व कर्मचारी एवं अंचल कार्यालय डेढ लाख दो लाख से अधिक सालाना आय प्रमाणपत्र बना देते हैं जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक गरीब इस अधिकार से वंचित हो जा रहे हैं । वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पूरे झाझा प्रखंड में हजारों-हजार लोग वंचित हैं खपरैल और फूस के मकानों में रहने वाले गरीबों को आवास की व्यवस्था करना चाहिए परंतु सरकार मात्र घोषणाओं की बौछार कर रही है परंतु इन सरकार के वादे को घोषणा और जुमला नहीं बनने दिया जायेगा , इसके लिए मजबूत संघर्ष कर प्रशासन को मजबूर करेंगे । मौके पर अखिल भारतीय किसान महासभा के जमुई जिला सचिव कॉमरेड मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनता बेहाल है और सरकार अपनी पीठ खुद थपथपा रही है पूरे बिहार में अपराधी और पुलिस दोनो तांडव कर रहे हैं जनता के अधिकार के लिए भाकपा माले सड़क से सदन तक मजबूत संघर्ष करेगी । मौके मजदूर नेता गुलटन पुजहर, जगदीश राणा, मुन्ना वर्णवाल, कमल पुजहर, प्यारी पुजहर, मूर्ति देवी, शेरु पुजहर, तिलिया देवी, झकसी देवी रनिया देवी, गोलकी देवी समेत बड़ी तादाद लोग मौजूद थें।

# सब्जी लेकर घर जा रहे एक युवक को चार युवक ने पिस्तौल का भय दिखाकर अपहरण करने कि किया कोशिश

## जंगल में मारपीट करने से युवक हुआ घायल, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] सब्जी लेकर अपने घर जा रहे एक युवक को चार युवकों के द्वारा पिस्तौल का भय दिखाते हुए अपहरण कर ले जाने, बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। हालांकि युवक की सूझबूझ और हिम्मत के कारण वह चारों युवकों के चंगुल से बचकर सुरक्षित अपने परिजनों से संपर्क किया जिसके बाद परिजन घटना की जानकारी पुलिस को दिया। अपहरणकर्ता के चंगुल से बच निकले युवक की पहचान रानीकुरा गांव के रहने वाले मो. सलाउद्धीन के रूप में हुई है। युवक ने बताया कि मै एकडारा चैक से सब्जी लेकर अपने घर जा रहा था कि तभी युवक बाइक से आया और पिस्तौल का भय दिखाते हुए मुझे जंगल की ओर लेकर चला गया और मेरे साथ लाठी से मारपीट करने लगा जिसके बाद उसके चंगुल से किसी तरह बचकर भागा जिसके बाद वे चारो युवकों ने पीछा किया लेकिन किसी तरह बचकर मै खलासी मुहल्ला पहुंचा और अपने परिजनों से संपर्क किया। मारपीट में घायल युवक का इलाज रेफरल अस्पताल झाझा में परिजनों की मदद से करवाया गया। इधर घटना की जानकारी युवक और उसके परिजन के द्वारा झाझा थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष संजय सिंह को दिया जिसके बाद थानाध्यक्ष के द्वारा मामले की जांच में जुट चुके है।

# गिद्धौर बंधौरा जर्जर सड़क में वंदे भारत टोटो वाहन पलटा

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर ।गिद्धौर बंधौरा होकर मौरा जाने वाली सड़क पर बंधौरा बहियार के समीप जर्जर सड़क होने के कारण वंदे भारत टोटो वाहन खेत मे पलट गई। घटना के वक्त वंदे भारत टोटो वाहन पर चालक के अलावा कोई यात्री मौजूद नही था। बताया जाता है कि बंधौरा से गिद्धौ बाजार की ओर वंदे भारत टोटो चालक अपनी यात्री टोटो वाहन लेकर जा रहा था ।बंधौरा बहियार के समीप पहूंचते ही वंदे भारत टोटो चालक का जर्जर सड़क होने के कारण अपने वाहन से नियंत्रण हट गया ।व वंदे भारत टोटो वाहन सड़क छोड़ सीधे खेत मे जा पलटा ।टोटो पलटने की आवाज सुन बंधौरा गांव निवासी गुड्डू रावत घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े व आस पास के ग्रामीणों को हो हल्ला कर बुलाया व वंदे भारत टोटो के नीचे दबे चालक को शकुशल बाहर निकाला गया। चालक को समय रहते बाहर निकाल लिए जाने के कारण उसे मामूली चोटें ही आई है ।व कड़ी मशक्कत कर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा वंदे भारत टोटो वाहन को भी खेत से बाहर निकाला गया।

# फुटबॉल मैदान पूर्वी गुगुलडीह के खेल मैदान में राष्ट्रीय जनता दल पंचायती राज प्रकोष्ठ का एक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी गुगुलडीह पंचायत के फुटबॉल मैदान पूर्वी गुगुलडीह के खेल मैदान में जनता दल पंचायती राज प्रकोष्ठ का बैठक आयोजित किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को बापू सभागार पटना कार्यक्रम में भाग लेने एवं संगठन को मजबूत बनाने हेतु एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, विशिष्ट स्थिति नारायण राव एवं झाझा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र यादव, पंचायती राज सचिव जितेंद्र राव, प्रदेश सचिव पंचायती राज नरेश यादव मौजूद थे। पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी ने कहा कि पटना में राजद का सम्मेलन किया जा रहा उसकी सफलता को लेकर अधिक से अधिक लोगों को आने का आह्वान किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में विपक्षी को हराने के लिए सदस्य बनने पर जोड़ दें साथ ही कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाते हुए लगातार बैठक करते रहें। आगे उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के स्मार्ट मीटर हमारे राज्य के गरीब लोगों को स्मार्ट मीटर लगाकर लूट जा रहा है। जाली बिल भेज कर गरीबों को शोषण हो रहा है। राज्य में सभी अफसर बेलगाम हो गए हैं सरकारी तंत्र बिफल है चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिहार में रोज हत्याएं बलात्कार डकैती हो रही है ।वही प्रदेश सचिव पंचायती राज नरेश यादव ने कहा कि पटना में आयोजित सम्मेलन में युवाओं की भागीदारी सबसे अधिक होगी। बैठक में प्रदेश सचिव पंचायती राज नरेश यादव, जितेंद्र राव, केदार मुर्मू, जितेंद्र रावत, तुलसी यादव, सत्यनारायण यादव ,रंजीत यादव भूषण यादव, नरेश यादव ,दशरथ यादव, गणेश यादव सहित कई लोग बैठक में शामिल थे।

# शिक्षा-दीक्षा-दैनिक समाचार पत्र रखना अनिवार्य शिक्षा विभाग ने इसको लेकर निर्देश किया जारी

● विद्यार्थी भी देश-विदेश के घटनाक्रम से होंगे अपडेट

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्रा किताबी ज्ञान के साथ देश-विदेश की घटनाक्रम से भी अपडेट होंगे। अब स्कूलों की लाइब्रेरी में नियमित और अनिवार्य रूप से समसामयिक पत्र-पत्रिकाओं और दैनिक समाचार पत्र की खरीद की जाएगी। साथ ही बच्चों को इन्हें पढने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। इसको लेकर विद्यालयों में दैनिक समाचार पत्र खरीदना अनिवार्य किया गया है। इसको लेकर विभाग की ओर से निर्देश जारी किया गया है। शिक्षा विभाग का मानना है कि अक्सर देखा गया है कि बच्चों पर कक्षा की पढ़ाई का ही इतना बोझ होता है कि अधिकांश जनरल नॉलेज व करंट अफेयर्स की जानकारी के लिए उन्हें समय नहीं मिला पता है। इसी के तहत अब दैनिक समाचार पत्र खरीदने का निर्देश दिया गया है। लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई बच्चों में शैक्षणिक गतिविधि व कोर्स की पढ़ाई के साथ ज्ञानवर्धन के लिए शिक्षा विभाग ने यह पहल शुरू की है। स्कूलों में की जाने वाली इस पहल के लिए मुख्यालय ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला स्तर पर इसे पालन कराने का निर्देश दिया है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

जिले के दर्जनों विद्यालयों में नहीं है लाइब्रेरी जमुई जिले के दर्जनों विद्यालयों में लाइब्रेरी नहीं है। हालांकि डीएम अभिलाषा शर्मा ने निर्देश दिया है कि जिस विद्यालय में लाइब्रेरी की व्यवस्था नहीं है वहां लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाए। हालांकि लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र देश-दुनिया में हो रही नई-नई गतिविधियों से भी अवगत होंगे। राज्य मुख्यालय की ओर से प्रखंड व विद्यालय स्तर पर अलग-अलग विद्यालयों में इसकी खरीद अनिवार्य रूप से कराए जाने का निर्देश दिया गया है। बताया जाता है कि विद्यालय निरीक्षण के दौरान देखा जा रहा था कि विद्यालय में बच्चों को पढ़ने के लिए पत्र- पत्रिकाएं व दैनिक समाचार पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिसे देखते हुए इसे अनिवार्य किया गया है।

# सिमुलतला में आम जनता की रोकी गई सर्वे रास्ता

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। ग्रामीणों का सार्वजनिक रास्ता को वर्षों से रोककर अधिग्रहण कर शौचालय, मकान एवं दुकान का निर्माण कर लिया गया है। जिससे ग्रामीण एवं कुछ संस्थान के लोग काफी असहज महसुस कर रहे है, एवं तमाम ग्रामीण एवं संस्थान के लोगों में काफी आक्रोश है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। कुछ महीनों से इस स्थल पर काफी तनाव बना हुआ है। सरकारी महकमें में लिखित शिकायत करने के हफ्तो बाद अंचलाधिकारी, झाझा को प्रत्येक शनिवार को थाना में जनता दरबार लगाना अनिवार्य है, परंतु वो किसी विशेष कार्यवश नहीं आकर कर्मचारी एवं सरकारी अमीन को स्थल का नापी करने एवं अतिक्रमणकारियों के द्वारा ग्रामीण का सार्वजनिक रास्ता को खाली करने को कहा परंतु शिखा देवी, पिता-अयोध्या प्रसाद उर्फ मास्टर साहब एवं उनके पुत्र सोनु कुमार जो अपने को बाँका सांसद माननीय गिरधारी यादव का पी०ए० बताता है। एवं मनोज गुप्ता, पिता-अयोध्या प्रसाद उर्फ मास्टर साहब निवासी असहना, सिमुलतला के वासी जो सार्वजनिक जमीन पर शौचालय, मकान एवं दुकान का निर्माण कर रखा है। सरकार एवं प्रशासन अगर इसकी जांच-पड़ताल कर उचित कारवाई नहीं करती है तो कुछ भी अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है।


# पथ निर्माण कार्य का दो पंचायतों में विधायक दामोदर रावत ने किया उदघाटन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्नर्गत प्रखंड क्षेत्र के धमना, बोड़वा पंचायत में विकास से जुड़ी अलग अलग योजनाओं का शिलान्यास बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह वर्तमान क्षेत्रीय विधायक दामोदर रावत के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें धमना पंचायत में धमना गोविंदपुर रोड़ नजदीक बनारसी चौक से मंडल टोला तक के पथ निर्माण कार्य, बोड़वा सूईया रोड नियर कब्रिस्तान से मंगलाटांड के बीच पथ निर्माण कार्य शामिल है। दोनो जगहों पर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक के द्वारा किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों के बीच हर्ष का माहौल बना हुआ था। विधायक ने आगे कहा कि जिस विश्वास के साथ क्षेत्र के जनता ने मेरा साथ दिया है उस विश्वास को बनाए रखने का मेरा हमेशा उद्धेश्य रहा है और इस क्षेत्र के जनता को जो भी परेशानी हुई उस परेशानी को दूर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि सीएम आज गांव गांव में विकास की गाड़ी की आगे बढ़ाने का कार्य काफी तेजी से कर रहे है। वही दोनो स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सूबे की सरकार में सबसे पहला प्राथमिकता विकास को दिया है जिसके अंतर्गत शहर से लेकर गांव तक विकास से जुड़ी कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने आगे कहा कि गांव की सड़क हो या फिर गांव में विद्यालय या अस्पताल हो अब हर गांव को यह सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। मौके पर जदयू नेता डॉ. राजेद्र रावत, बलवंत सिंह, विवेकानंद सिंह, जयनंदन सिंह, अमित यादव, महेंद्र यादव, संजय यादव, मनोज यादव, सिद्धेश्वर गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# यूएन एससी में स्थाई सदस्यता हेतु भारत की दावेदारी वैश्विक समुदाय के लिए अपरिहार्य : प्रो. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता




जमुईः- द बिग एप्पल के नाम से प्रसिद्ध अमेरिका का सबसे बड़ा और सर्वाधिक जनसंख्या वाला शहर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के 70 वें सत्र के मुख्य जनरल डिबेट में चर्चा के दौरान ब्रिटेन ने यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता की दावेदारी का समर्थन के साथ-साथ अफ्रीका, ब्राजील, जापान और जर्मनी को भी स्थाई सदस्य सदस्य बनाने की जोरदार वकालत की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई सदस्यता की दावेदारी के औचित्य,प्रासंगिकता और आवश्यकता पर नगर परिषद जमुई स्थित केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ (प्रो.) गौरीशंकर पासवान ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की दावेदारी सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक,औचित्यपूर्ण और अपरिहार्य है। यदि भारत स्थाई सदस्य बनता है तो यह समावेशी, संतुलित और न्याय संगत वैश्विक शासन संरचना के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है। न्यू इंडिया सक्रिय वैश्विक राजनयिक भूमिका निभा रहा है। आज का नया भारत ग्लोबल साउथ- 4 (एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन) के देशों के लिए एक महत्वपूर्ण नेता के रूप में उभरा है, जो उनकी आवाज को ग्लोबल मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है और उनके साझा हितों का प्रतिनिधित्व करता है। ग्लोबल नॉर्थ के सर्वाधिक देश यूएनएससी में स्थाई सदस्यता के लिए भारत का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सुरक्षा परिषद में सभी सुधार विस्तार और नए स्थाई सदस्यों (भारत) को शामिल करने के मुद्दे पर जब भी प्रस्ताव आता है धूर्त चीन विटो पावर यानी विशेषाधिकार का दुरुपयोग करते हुए भारत की दावेदारी का विरोध कर प्रस्ताव को रोक देता है। क्योंकि चीन को डर है कि भारत यूएनएससी में स्थाई मेंबर बन जाएगा तो उससे कहीं ज्यादा पावरफुल हो जाएगा, जो उसके लिए परेशानियों का सबब बन सकता है। पाकिस्तान, तुर्की, इटली भी चीन जैसे सातिर देश के पिछलगु बने हुए हैं। प्रो.पासवान ने आगे कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार, विस्तार और भारत की स्थाई सदस्यता के मुद्दे पर यूएन के 193 सदस्य देशों में से एक बड़ी संख्या भारत का समर्थन करती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस एवं वठअ के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग भी सुरक्षा परिषद के विस्तार पर सहमति जताते हुए भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया है। आज भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। कोविद-19 (कोरोना) महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन निर्माण और वितरण में महत्त्वपूर्ण रोल अदा किया है। हमारा देश भारत विश्व में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अग्रणी है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। रूस ने तो यहां तक ऐलान कर दिया कि भारत यदि चाहे तो रूस-यूक्रेन (फरवरी 2022 से सितंबर 2024 तक ) युद्ध रोकने के लिए मध्यस्थता कर सकता है। ऐसी क्षमता और अर्हता रखने वाले देश भारत को यूएनएससी में स्थाई सदस्यता अवस्य मिलनी ही चाहिए।आज के परिप्रेक्ष्य में विश्व को भारत की आवश्यकता है तथा उसकी भूमिका वैश्विक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बनी हुई है। यूएन,जी-20 और ब्रिक्स,में भारत की आवाज को बड़ी ध्यान से सुना जाता है व अमल में लाया जाता है। हमारे देश के पास आज आर्थिक व जनसाख्यकीय शक्ति है। ऐसे में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाना वर्तमान समय की पुकार है।

# स्व. कारू हरि की मनाई गई 25 वीं पुण्यतिथि

जमुई [ झाझा ] अंबेडकर विचार मंच स्थल पर सामाजिक कार्यो में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्व. कारू हरि का 25 वां पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता मदन यादव के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित राजेंद्र यादव, नरो यादव, निमाईचंद्र मुखर्जी, पूर्व विधायक रविंद्र यादव, संजय हरि, भारत भूषण, अरबिंद कुमार सहित उपस्थित कई लोगों ने स्व. कारू हरि के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे नमन किया और उनके विचारों को उपस्थित लोगों के बीच रखने का काम किया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि स्व. कारू हरि ऐसे इंसान थे जो हमेशा समाज से जुड़े हर कार्यो को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका अदा करते थे। उनके द्वारा जो भी कार्य समाज के प्रति किया गया है उसे आज भी लोग याद करते है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरपंच पर जानलेवा हमला,जख्मी,मामला दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

भेल्दी।अमनौर प्रखण्ड के रायपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच अजय कुमार त्रिपाठी पर रविवार की रात असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया।जख्मी सरपंच का इलाज गड़खा सीएचसी में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव निवासी व रायपुरा पंचायत के सरपंच अजय कुमार त्रिपाठी रविवार की रात गोसी छपरा गांव से बाइक से अपने घर रायपुरा लौट रहे थे।वे जैसे ही बेदवलिया स्कूल के समीप पहुचें कि एक ही बाइक पर सवार दो लोगों ने उन्हे ओवरटेक कर रोक दिया और ईट से पैर पर व कट्टे के बट से ललाट पर प्रहार कर जख्मी कर दिया।लहुलुहान सरपंच को इलाज के लिए परिजनों व ग्रामीणों ने गड़खा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच जख्मी सरपंच से फर्दबयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।घटना की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी सह गड़खा थानाध्यक्षा इशा गुप्ता ने भी मौके पर पहुंच जख्मी सरपंच से घटना के संबंध में जानकारी ली।

### शराब तस्करी में फरार चल रहा तस्कर गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

रसा।शराब तस्करी के अलग अलग मामले फरार चल रहे दो शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. दोनों पर कार्रवाई सोमवार को जेल भेज दिया.उक्त गिरफ्तार शराब तस्कर दरियापुर थाना क्षेत्र के सराय मुजफ्फर गाव निवासी स्व जलेश्वर राय का पुत्र जितेन्द्र कुमार एवं परसा थाना क्षेत्र के परसा शंकरडीह निवासी स्व नन्दलाल माँझी का पुत्र सनोज माँझी बताया जाता है.वही थाना क्षेत्र के परसा शंकर डीह में शराब पीकर हंगामा कर रहे एक शराबी को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया. उक्त गिरफ्तार शराबी परसा शंकरडीह निवासी सनोज तिवारी बताया जाता है.

# बिहार के युवा विपरित परिस्थितियों में भी बढ़ रहे हैं आगे: आईजी, जेपी सिंह

- 41 वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर तकनीकी पदाधिकारी और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा । ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और पढ़ाई की घोर असुविधा के बावजूद लड़के-लड़कियां आगे बढ़ रहे हैं। मुझे बदलते हुए इस बिहार को देखकर बहुत प्रसन्नता होती है। उक्त बातें हिमाचल प्रदेश, शिमला के आईजी जय प्रकाश सिंह ने कहीं। श्री सिंह 41 वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद तकनीकी पदाधिकारियों और खिलाडियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सारण जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह के प्रभुनाथ नगर अवस्थित आवासीय परिसर में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि फौज और पुलिस में अफसर रहने के कारण मैं बहुत अच्छा वक्ता नहीं। परंतु युवाओं की उपलब्धी, जोश, जज्बे और हौसले को देख चुप नहीं रह पाता। उन्होंने कहा कि गांव और देहात के बच्चे बिना उचित सुविधा और सहयोग के खेल में इतना अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें इसे आगे बढ़ाते हुए हरियाणा और मणिपुर जैसा माहौल बनाना होगा। हमारे खिलाड़ी जितना आगे बढ़ेंगे उतनी ही कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना होगा। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि उच्च स्तर की कोचिंग, आर्थिक सहयोग, उचित माहौल और मनोबल बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि लड़कियां भी खेल में काफी संख्या में आगे बढ़ रही हैं। यह शुभ संकेत है। बेटियां भी घर की चराग हैं। उनके किसी विधा में दक्ष होने से परिवार ही नहीं समाज में भी माहौल बनता है। खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ॥विपरित परिस्थितियों में बहुत लोग टूट जाते हैं, लेकिन जो टूटते नहीं उनसे रेकॉर्ड टूट जाते हैं॥। उन्होंने ने इस मौके पर लगभग 90 खिलाड़ियों और 40 से अधिक तकनीकी पदाधिकारियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया. प्रारम्भ में कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शॉल और पुष्प माला से सम्मानित किया। जबकि नगरा प्रमुख योगेन्द्र चौरसिया, रिविलगंज प्रमुख गुड्डू सिंह, इसुआपुर पूर्व प्रमुख अभय सिंह, नगर पंचायत मढ़ौरा के पूर्व उपाध्यक्ष अमर सिंह, नगर पंचायत रिविलगंज के पूर्व उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र सिंह, कार्यकारी सचिव निलाभ गुंजन राका, स्टूडेंट्स स्पोर्ट्स क्लब अमनौर के अध्यक्ष नवीन पूरी, सचिव बृजकिशोर सिंह, कोच चंदन सिंह, कमलजीत, विहिप के अजय कुमार सिंह, डॉ राजेश डाबर आदि थे।

# महाविद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जय प्रकाश विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर दाउदपुर सरण में एन एस एस के स्वांसेवाको द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महोदय ने की। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चन्द्रभान राम, डॉ प्रवीण पंकज, डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में समाज सेवा के लिए छात्रों को तैयार किया गया। छात्रों ने संकल्प लिया कि हम हर परिस्थिति में समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए कृत-संकल्प रहेंगे। छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर के पी श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छ और समृद्ध राष्ट्र ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। आइए सब मिलकर नव भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।प्रोफेसर आफताब आलम सर ने एन एस एस के महत्व को समझाया। डॉ शेखर कुमार ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के उद्देश्य को अपने जीवन से जोड़ने का प्रयास करें। डॉ चन्द्रभान राम ने कहा कि हमें अध्ययन-अध्यापन के साथ- साथ वंचित समाज के लोगों को राष्ट्र के मुख्य धारा से जोड़ना होगा। ताकि मन, कर्म और वचन से सबका सहयोग पूर्णरूपेण मिल सके। डॉ प्रवीण पंकज ने कहा कि स्वच्छता को जन जन तक ले जाना होगा। तभी चतुर्दिक विकास संभव है। डॉ संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता जन जन की पुकार है। प्राध्यापकों में डॉ रुबी चन्द्रा, डॉ स्वर्ग दीप शर्मा, डॉ अमृत प्रजापति, डॉ आशीष कुमार, श्रीभगवान ठाकुर, डॉ उपेन्द्र कुमार , डॉ आशीष प्रताप सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ राकेश रंजन, डॉ अमरदीप कुमार, डॉ अनुराग उपाध्याय, डॉ मनोज कुमार एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।कार्यक्रम के प्रति छात्रों का निष्ठा भाव सराहनीय है।

# मढ़ौरा अनुमंडल स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने सुनी जनता की समस्याएं



प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सभागार में सोमवार को जदयू जिला अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिती सारण अल्ताफ आलम राजू द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे ,जिसमें उन्होंने मढ़ौरा अनुमंडल क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया. कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हुए.जिला अध्यक्ष ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया.उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है और वह सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिले.वहीं 14 लाभार्थी को राशन कार्ड का जिला अध्यक्ष ने वितरण किया मढ़ौरा प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह के साथ ठऊअ कार्यकर्ताओ ने जनता से आग्रह किया था कि वे अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से जन संवाद में प्रस्तुत करें.इस मौके पर सैकड़ो लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने, पेंशन और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं प्रमुख थीं. कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों को त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के पास भेजा गया. अल्ताफ आलम राजू ने कहा, ॥हमारा उद्देश्य लोगों को उनकी समस्याओं से मुक्ति दिलाना है, और हम इसके लिए लगातार काम कर रहे हैं.इस जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित थे जिन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को नजदीकी से समझा और समाधान की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया.प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह,जिला सचिव,वीरेंद्र गिरी,सुधाकर भारद्वाज, ई0 प्रभास शंकर,कुसुम देवी,रवि प्रकाश, रियाजउद्दीन मंसूरी,इत्यादि उपस्थित रहे।

# वेस्ट आर्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज, छपरा के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम वेस्ट आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामना दिया। इसमें छात्रों ने कचड़े से उपयोगी और सजावट की सामग्री बनाकर प्रदर्शित किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से रचनात्मकता और कचरे या बेकार की चीजों को एक नया रूप देने के कौशल का पता चलता है ।उन्होंने कहा कि संसाधनों का बुद्धिमता पूर्ण उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण पर्यावरण हेतु अति आवश्यक है। छात्रों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी को सभी ने सराहा। प्रो. पूनम, डॉ. ऋचा मिश्रा और डॉ. श्वेता गुप्ता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। वेस्ट आर्ट प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार श्वेता कुमारी, द्वितीय मीना कुमारी व श्वेता कुमारी तथा तृतीय विशाल कुमार शाह व रोबिन सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेश रंजन और डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने किया। प्रो. एन पी वर्मा, प्रो. संजय कुमार, भावेश कुमार, हरिहर मोहन, अभय कुमार ने भी प्रदर्शनी देख छात्रों का हौसला बढ़ाया। इस कार्यक्रम में अभिनव, रोबिन, विशाल, मनोज, आफरीन, निकिता, रुचि, तृप्ति, अनीशा समेत कई छात्र उपस्थित थे ।

# गंडक पार सेमरा और मंझरिया पंचायत के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। गंडक नदी के उफान भरते ही गंडक दियरा समेत मंझरिया,सेमरा लबेदहा पंचायत समेत दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है हैं।भैसाहिया, क्रांति टोला,बैरा बाजार समेत कई गांव बाढ़ की विभीषिका झेल रही है। वहीं इन हालातों से निपटने के लिए प्रशासन भी एड़ी चोटी का जोड़ लगा रही है।वाल्मीकिनगर विधायक मुख्य सचिव प्रदीप पांडे ने बताया कि बाढ़ की चपेट में आए दर्जनों गांव के लोगों को विधायक के स्तर से पीड़ितों के बीच चूड़ा,गुड़,त्रिपाल आदि रोजमर्रा की चीजें वितरित की जा रही है। वहीं प्रशासन स्तर पर भी राहत सामग्री का वितरण बाढ़ पीड़ितों के बीच किया जा रहा है।विधायक रिंकू सिंह के द्वारा अपने प्रतिनिधियों रामधनी यादव,पिपरासी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र पटेल,लड्डू शर्मा सचिव प्रदीप पांडे के मार्फत राहत सामग्री का वितरण बाढ़ पीड़ितों के बीच किया जा रहा है।

# रतवल चखनी के बीच प्रोटक्शन बांध तेज बहाव में टूटा



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में उफनाई गंडक अब भारी तबाही मचाने लगी है। दरअसल रतवल से चखनी को जोड़ने वाला तटबंध पानी की तेज दबाव के कारण टूट गया जिसके बाद आसपास के गांवों में तेजी से पानी फैलने लगा है। यह गाइड बांध सिंगाड़ी पिपरिया पंचायत के वार्ड नंबर 15 में पड़ता है। बतादें की नेपाल के देवघाट से शनिवार को 6 लाख 40 हजार क्यूसेक पानी गंडक नदी में छोड़ा गया था जो नदी किनारे बसे लोगों के लिए आफत बनकर आई है। घटना की सूचना पर प्रशासन और जलसंसाधन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय लोग बांध के निर्माण और रखरखाव की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं।

# अनुदान नहीं वेतनमान फोरम की बैठक हुई संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा सदर। सरण जिला ईकाई के तत्वावधान में सोमवार को अनुदान नही वेतनमान फोरम के प्रमंडलीय संयोजक प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह के संयोजन में सारण के सभी वित्तरहित शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों का बैठक मारूति मानस मंदिर, शिशु पार्क, छपरा में जिला संयोजक डा. रंजय कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्राचार्य प्रेम शंकर सिंह ने जिला कमिटी के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव पेश किए। जिसपर उपस्थित सभी ने सहमति जताई, तदुपरांत सर्वसम्मति से विचार-विमर्श करके सारण जिला ईकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें जिसमें प्रो. अरविन्द कुमार गिरि को जिला संयोजक, प्रो. मनोज कुमार पान्डेय, नागेन्द्र कुमार यादव झ उप संयोजक, प्रो. सुधा कुमारी, प्रो. मुन्ना कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, प्रो. नर्वदेश्वर सिंह, प्रो. राकेश शर्मा सचिव, प्रो. संजय कुमार द्विवेदी, श्री दरोगा यादव संयुक्त सचिव, प्रो. उपेन्द्र कुमार सिन्हा मिडिया प्रभारी, डा. सुरेश प्रसाद सिंह ज्ञानेश्वर, प्रो. अतुल तिवारी, प्रो. संजय कुमार झ प्रवक्ता, प्राचार्य प्रेम शंकर सिंह, प्राचार्य मनोज कुमार, प्रो. डा. रंजय कुमार सिंह, प्राचार्य सुबोध कुमार सिंह, प्राचार्य मो. अशलम, प्राचार्या विभा कुमारी, प्राचार्य विजय नारायण सिंह, प्रो. राम किशोर यादव, प्रो. शशिभूषण सिंह संरक्षण मंडल, प्रो.नवल किशोर सिंह, प्रो. हिमांशु मिश्रा, प्रो. विभा सिन्हा, प्रो. रुपेश कुमार सिंह, प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. उमेश कुमार सिंह, प्रो. बलराम पुरी, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. संजय कुमार सिंह, प्रो. मधुप प्रताप, प्रो. विवेक बिहारी सिंह, प्रो. संजय कुमार पान्डेय, प्रो. अखिलेश कुमार, प्रो. पवन कुमार, प्रो. गजेंद्र उपाध्याय, श्री प्रबोध कुमार, श्री सत्य नारायण तिवारी, सरोज कुमार, राज कुमार सिंह को जिला कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया ।उक्त अवसर पर नवनियुक्त जिला संयोजक प्रो. अरविन्द कुमार गिरि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अनुदान नही वेतनमान फोरम स्थापना काल से ही शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों के हित की लड़ाई लड़ता रहा है और हमारा तीन सूत्री मांग है ! अनुदान के बदले वेतनमान, बकाये अनुदान का एकमुश्त शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों के खाते में भुगतान और सभी कोटि के वित्त अनुदानित संस्थानों का सम्बद्धता पूर्ववत बहाल रहे, जिसके लिए 28 अगस्त से 05 सितंबर 2024 तक पटना में अनवरत आंदोलन किया गया जिसका परिणाम रहा कि विधान सभा अध्यक्ष के द्वारा पत्र निर्गत कर सभी माननीय विधान परिषद, शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारीगण एंव शिक्षामंत्री का संयुक्त बैठक संपन्न हुआ जिसमें शिक्षामंत्री के द्वारा तत्काल अनुदान की राशि का भुगतान 2017 तक एकमुश्त करने की प्रकिया अविलंब पूर्ण करने तथा शेष मांग के लिए एक माह का समय मांगा गया है ।जो अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा,

# निजी स्वास्थ्य संस्थानों के स्वास्थ्यकर्मियों का परिवार नियोजन सेवाओं पर प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया( घनश्याम ) ।स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव के बाद गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का हरसम्भव प्रयास कर रही है इसी को लेकर विभाग द्वारा परिवार नियोजन के अस्थायी और स्थायी साधनों के प्रति जागरूकता लाने का काम किया जा रहा है। जिला में परिवार नियोजन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोगी संस्थाओं की भी मदद मिल रही है। इस क्रम में शहरी क्षेत्र के निजी स्वास्थ्य संस्थानों को चिन्हित करते हुए वहां के स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को शहर के यूनिवर्सल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा गंगा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों मेडिकल एवं पारामेडिकल स्वास्थ्यकर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया किया गया। परिवार नियोजन के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था पीएसआई इंडिया द्वारा प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को परिवार नियोजन, हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम पर ससमय रिपोटिंग, संक्रमण से बचाव, प्रसव एवं प्रसव पूर्व जांच, काउसलिंग पर चर्चा की गईं। अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्षमतावर्धन किया गया।

### निजी स्वास्थ्य संस्थानों को भी किया गया शामिल:

डीपीएम स्वास्थ्य अमित अचल ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में निजी स्वास्थ्य संस्थानों को भी शामिल किया गया है ताकि परिवार नियोजन सेवाएं जैसे प्रसव अथवा गर्भपात के बाद बंध्याकरण अथवा अस्थायी गर्भनिरोधक साधन जैसे कॉपर टी या नॉन हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियां आदि की सुविधा लाभार्थी को आसानी से उपलब्ध हो सके। पीएसआई इंडिया के कार्यक्रम प्रबन्धक प्रताप कोश्यारी ने स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीरकण करते हुए टीसीआई इंडिया कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्यकर्मियों को टीसीआई कार्यक्रम के तहत निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के क्षमतावर्धन के बारे में बताया। पीएसआई से आये स्पेशलिस्ट प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन अकबर अली खान ने उन्मुखीकरण के दौरान परिवार नियोजन, डाटा रखरखाव, प्रसव के बाद परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल तथा संक्रमण से बचाव एवं काउसलिंग की जानकारी दी। मौके पर मौजूद यूनिवर्सल हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूबीया खान, डॉक्टर निसार खान गंगा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉ रूबी कुमारी, डॉ संतोष कुमार आदि थे।

# यूटुबर पत्रकार से रंगदारी की मांग ,विरोध करने पर गले से चेन छिना, पुलिस जांच में जुटी

**प्रातः किरण संवाददाता ।** बनियापुर ।सहाजितपुर थाना के धवरी गाव मे मंदिर मे बैठे युवक के साथ जबरन चंदा माँगने का विरोध करने पर गाली गलौज करते मंदिर मे ताला मार कर चल दिए ।जहा मौके पर पहुंच कर पुलिस ने युवक को मुक्त कराया,वही जब युवक घर पहुंचा तब पुनः उन्ही रंगदारो द्वारा दरवाजे पर पहुंचकर गाली गलौज करते थप्पड़ जर गले से लगभग 30 हजार मूल्य का चेन नोच लिए साथ ही केश करने पर जान से मारने व जीना दुभर करने की धमकी दिया है। घटना के संबंध मे बताया गया है कि एक युटुबर पत्रकार अतुल कुमार श्रीवास्तव धवरी मन्दि मे बैठा था जहा गाव के उमाशंकर तिवारी उर्फ भुअर तिवारी रोहित उपध्याय पहुंचकर 5 हजार रुपया चंदा रंगदारी माँगने लगे थे,जिस आश्य की चर्चा प्राथमिकी मे करते पीड़ित ने न्याय की गोहर लगाया है,मामले मे पुलिस अनुसंधान मे जुटी है।

# दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**प्रातः किरण संवाददाता ।** लहलादपुरः दुर्गा पूजा को लेकर जनता बाजार थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने किया. बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने कहा कि प्रत्येक पंडाल के लिए पंद्रह-पंद्रह वोलिंटियर रहना अनिवार्य है, जिनका आधार कार्ड की छाया प्रति, मोबाइल नंबर तथा पासपोर्ट साइज का फोटो थाना में जमा करना अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि पूजा का लायसेंस उसी व्यक्ति के नाम से निर्गत होगा, जो 60 वर्ष से कम हों तथा पूजा के समय पूजा स्थल पर मौजूद रहेंगे. उन्होंने हिदायत किया कि दुर्गा पूजा से विसर्जन तक के दरम्यान डीजे, अश्लील एवं जाति संबंधी गाने तथा अश्लील डांस पर पूर्ण पाबंदी रहेगी. दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन तो कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।

### भारी मात्रा में पुलिस ने शराब किया जब्त, दो तस्करों को भी किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

परसा।सितलपुर सोनहो एसएच 73 पर थाना क्षेत्र के सुंदरी हॉस्पिटल सगुनी के समीप शराब लदे कार ने पुलिस गाड़ी में जोरदार ठोकर मार दिया।जिससे सवार थानाध्यक्ष सुनील कुमार,चालक तथा दो पुलिस बल के जवान घायल हो गया।टक्कर में दोनों गाड़ी बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया।ठोकर मार चालक तथा शराब तस्कर भागने लगे।पुलिस घायल अवस्था में पीछा कर दोनो को गिरफ्तार किया।तथा दोनों वाहन को घटना स्थल से लाया गया।थानाध्यक्ष सुनील कुमार,चालक तथा बीएमपी जवान मिंटू कुमार तथा वीरेंद्र सिंह का उपचार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।वाहन जांच में 37 पेटी अंग्रेजी शराब फ्रूटी का 180 एमएल का 320 लीटर अंग्रेज शराब,एक मोबाइल को भी जप्त किया गया है।गिरफ्तारी में पटना जिला के अठमल गोला थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी सिकन्दर सिह का पुत्र मुकेश कुमार व राम स्वार्थ सिह का पुत्र सन्नी सिंह बताया जाता है।इस संबंध बताया बताया जाता है कि सोनहो चौक पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार,मकेर तथा भेल्दी पुलिस द्वारा बालू लोड वाहन की चेकिंग किया जा रहा था।तभी अमनौर के तरफ कार आया।जिसको रोकने का इशारा किया गया तो चालक तेजी गति से भागने लगा।तीन ब्रेकर को छलांग लगा भागने लगा।जिसपर थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्वारा पुलिस वाहन से पीछा करने लगे।

# निक्षय मित्र बनें, टीबी मरीजों को सहयोग करें: डॉ रमेश चंद्रा दवाओं के साथ संतुलित आहार का सेवन जरुरी

- निक्षय मित्र बनने पर छः माह तक देना होगा पोषण सामग्री
- सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान बन सकते हैं निक्षय मित्र
- जिले में 05 हजार 5 सौ 47 टीबी मरीजों का चल रहा है इलाज

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) ।निक्षय मित्र बनकर जिलेवासी अब अपने जिले के कुपोषित टीबी रोगियों की सहायता को पोषण सम्बन्धित सहयोग कर सकते हैं। ये कहना है जिले के संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा का। उन्होंने बताया कि टीबी के अधिकांश मामलों में टीबी मरीजों को कुपोषित देखा गया है। वैसे लोग आर्थिक स्थिति कमजोर होने से संतुलित आहार का सेवन नहीं कर पाते हैं। जिससे दवा का कोर्स करने के वावजूद कुपोषण के कारण वे पूर्णतः स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। इसमें सहयोग के लिए प्रधानमंत्री निक्षय मित्र योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत जिले के आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉपोरेट संस्थान अपनी भागीदारी निभाते हुए निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें छः माह तक पोषण सामग्री का सहयोग दे सकते हैं।

### समाज हित में है आवश्यक:

डॉ चंद्रा ने बताया कि टीबी मरीजों का सहयोग समाज हित में जरुरी है। उन्होंने बताया कि ट्यूबरकुलोसिस नाम के बैक्टीरिया के कारण टीबी होता है। यह एक ऐसा संचारी रोग है जो संक्रमित व्यक्ति के खाँसने, छिंकने पर बैक्टीरिया द्वारा हवा के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे में फैलता है। इससे बचाव के लिए इसका खात्मा होना आवश्यक है। यह तभी संभव हो सकता है जब पुराने टीबी के रोगी इलाज कराकर पूरी तरह से ठीक हों। उन्होंने बताया कि सरकार ॥निक्षय मित्र॥ बनने का सुनहरा अवसर जिले वासियों को दे रही है। ऐसे में लोगों को इस अभियान में शामिल होकर टीबी मरीजों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैं, मेरी पत्नी, चिकित्सक एवं कई लोग टीबी मरीजों के सहयोग के लिए निक्षय मित्र बन कर पोषण सम्बन्धित सहायता कर चुके हैं। उन्होंने बताया की जिले मे 05 हजार 5 सौ 47 टीबी के मरीज हैं जिनका इलाज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहा है। इनको सरकार द्वारा मुफ़्त दवाएं, जाँच के साथ निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत उनके खाते में 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं निक्षय मित्र की संख्या 53 है जिन्होंने 54 पोषण पोटली का वितरण छः माह तक किया है। अगर जिले के जिम्मेदार नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करने की ठान लें तो काफी हद तक टीबी के प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने अपील की कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद कर पोषण संबंधित जरूरतों को पूरा करें।

### गोद लेकर 6 माह तक पौष्टिक आहार की करें व्यवस्था:

जिला यक्षमा केंद्र के सूर्य नारायण साह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी से ग्रसित लोगों के लिए इस योजना की शुरूआत की है। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से अनुरोध किया है कि टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार देने हेतु आगे आएँ औ उन्हें गोद लेकर 6 माह तक उनके लिए पौष्टिक आहार में भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, अंडे, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थो की पैकेट सूची के अनुसार वितरण करें।

### ऐसे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर योजना से जुड़ सकते हैं:

निक्षय मित्र बनने के लिए सबसे पहले पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पर क्लिक करें। फिर निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर इस अभियान से जुड़ सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद सुविधानुसार निक्षय सहायता के लिए टीबी रोगियों का चयन किया जा सकता है। टीबी की बीमारी से जुड़ी हर तरह की जानकारी के लिए निक्षय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 पर या जिला यक्षमा केंद्र बेतिया से भी संपर्क कर सकते हैं।

# स्मार्ट मीटर की बारीकियों को समझने की है जरूरत : जिलाधिकारी

- पॉलिटिकल मोटिवेटेड लोगों द्वारा स्मार्ट मीटर को ले भ्रांतियां फैलाई जा रही है

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा ' राजनीतिक से प्रेरित और प्रभावित कुछ लोगों द्वारा स्मार्ट मीटर के संबंध में जानबूझकर भ्रांतियां फैलाई जा रही है, जो सच्चाई से कोशों दूर है ' उक्त बातें सारण के जिला अधिकारी अमन समीर ने समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम जनों के लिए बेहतर विकल्प है,जिसका कंट्रोल खुद उपभोक्ताओं के हाथों में रहता है, बस इसे सही ढंग से समझने की जरूरत है ' उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर में बहुत सी सुविधा दी गई है, आम लोग बैलेंस की जानकारी, रियल टाइम में बिजली के उपयोग को ट्रैक करने तथा अपने पसंदीदा भुगतान के माध्यम से आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं ' उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पॉलीटिकल मोटिवेटेड लोगों द्वारा जानबूझकर इस तरह की अफवाहें फैलाई जा रही है, जिसमें कोई सच्चाई नहीं है ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनवरी 2023 से राज्य भर में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, अब तक 50 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है ' जब प्रसारण में लगभग 81000 हजारए स्मार्ट मीटर लगाया गया है, 2025 के अंत तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है ' डीएम अमन समीर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोगों में यह भी भ्रांतियां फैलाई जा रही है, कि स्मार्ट मीटर तेज चलता है, और मैनुअल मीटर स्लो चलता है, जिसमें कोई सच्चाई नहीं है ' उन्होंने कहा कि सरकार बिजली बिल पर सब्सिडी भी दे रही है, एडवांस जमा करने पर इंटरेस्ट भी दे रही है ' उन्होंने कहा कि रिचार्ज खत्म होने पर विद्युत आपूर्ति रात में नहीं कटता है, और नहीं छुट्टी में कटता है, बल्कि दिन में 10 से 2:00 बजे के बीच में डिस्कनेक्ट किया जाता है ' रिचार्ज खराब होने के 1 सप्ताह पहले इंटीमेशन भी मोबाइल नंबर पर दिया जाता है ' मीडिया से यह भी कहा कि स्वीकृत भार के दायरे में उपयोग करने पर फाईन नहीं लगता है ' इस बात को उपभोक्ताओं को समझने की जरूरत है ' उन्होंने कहा कि यदि आपका लोड ज्यादा है, तो स्वीकृत भार को आवेदन देकर बढ़ा लेने से फाईन से बचत होगी ' डीएम अमन समीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्मार्ट मीटर से उत्पन्न समस्याओं को लेकर विभागीय अभियंताओं से व्हाट्सएप ग्रुप सुझाव दिया है ' उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा मीटर लगा है, और उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की सच्चाई को समझ रहे हैं ' उन्होंने आम जनों से स्मार्ट मीटर की बारीकियां को समझने की आवश्यकता पर बोल दिया ।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई विभागीय अभियंता भी उपस्थित थे ' जिन्होंने नए स्मार्ट मीटर लगाने और इससे होने वाले फायदे के बारे में बताया '



## अनिल कपूर ने आईफा में एनिमल के लिए जीता बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड

अनिल कपूर एक ऐसी उल्लेखनीय और प्रशंसनीय विरासत छोड़ रहे हैं, जिसका अनुसरण करना या उसे दोहराना अगली पीढ़ी के एक्टर्स के लिए कठिन होगा। सिनेमा के इस दिग्गज ने बहुप्रशंसित फिल्म एनिमल में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए 2024 के इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) अवॉर्ड्स में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड जीता है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित इस फिल्म में बलबीर सिंह उर्फ रणबीर कपूर के पिता का किरदार निभाने वाले एक्टर को फिल्म में उनके किरदार के लिए काफी प्रशंसा मिली। एनिमल में अनिल कपूर का काम उनकी स्थायी प्रतिभा का प्रमाण है, जो एक बार फिर साबित करता है कि उन्हें भारतीय सिनेमा में एक लीजेंड के रूप में क्यों जाना जाता है। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता ने फिल्म में अपने काम के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी जीता, जो 2023 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। इस साल की शुरुआत में, कपूर ने एआई के दुरुपयोग के खिलाफ अपने रुख के लिए टाइम द्वारा सम्मानित होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इस सम्मान को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि कपूर इस लिस्ट में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता थे। इसके बाद कपूर की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई। उनकी सीरीज़ द नाइट मैनेजर, जो ब्रिटिश सीरीज़ का एडाप्टेशन है, उसको इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन मिला। इसने अवॉर्ड्स की बेस्ट ड्रामा सीरीज़ कैटेगरी के तहत एक नॉमिनेशन पाया, और यह एमी के लिए एकमात्र इंडियन एंट्री भी है, जिसने कपूर की ग्लोबल अपील को और स्थापित किय। अब आईफा जीत ने उनकी राह और प्रतिष्ठा और मजबूत कर दी है। फिलहाल, अभिनेता के खाते में सुरेश त्रिवेणी की सूबेदार है। इसके अलावा, उनके वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा होने की भी अफवाह है।



# परवरिश कभी भी स्टार किड्स के तौर पर नहीं हुई

सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया की बेटी श्रिया ने पेरेंट्स के नक्शेकदम पर चलते हुए एक्टिंग प्रोफेशन को ही चुना। श्रिया मानती हैं कि उनकी परवरिश कभी भी स्टार किड्स के तौर पर नहीं हुई है। एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत मराठी फिल्म 'एकुल्ती एक' से की। हिंदी फिल्मों में शाहरुख खान की 'फैन' में बड़ा मौका मिला। लेकिन वेब सीरीज में ज्यादा कामयाबी मिली है। श्रिया की 'ताजा खबर' का दूसरा सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुका है। हाल ही में एक्ट्रेस ने की। सबसे बड़ी चुनौती यह आती है कि पहले से और क्या बेहतर किया जा सकता है। 'मिर्जापुर' के बाद 'ताजा खबर' की काफी चर्चा रही है। हम दर्शकों का फीडबैक लेते हैं और कुछ बेहतर करने की कोशिश करते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं था कि सीजन वन हिट हो गया तो कुछ भी बना लें। इस बार थोड़ा एक्शन है और मुझे भी एक्शन करने का मौका मिला है। वैसे भी मुझे एक्शन करना पसंद है। ऐसा लोगों को लगता है कि पेरेंट्स एक्टिंग फील्ड से हैं तो एक्टिंग ही में दिलचस्पी होगी। ऐसा होता होगा, लेकिन मेरे मामले में ऐसा नहीं था। मेरी दिलचस्पी दूसरे कामों में बहुत थी। मुझे फिल्म मेकिंग और कहानियां कहने में बहुत दिलचस्पी थी। मैं तो फिल्म मेकिंग का कोर्स कर रही रही थी। फिल्म मेकिंग की कोर्स के साथ-साथ थिएटर भी करने लगी थी। पहली बार एक फेस्टिवल के लिए 10 मिनट का नाटक किया। उसके लिए एक महीने तक रिहर्सल की थी। उस दौरान एक्टिंग में मुझे दिलचस्पी लगने लगी। मुझे लगने लगा कि एक्टिंग में करियर बनाना चाहिए। मम्मी ने कहा कि घूम फिर कर तुमको भी यही काम करना है। उन्हें लगा था कि कोई और काम करेगी। पापा ने वह नाटक देखा था। उस समय मराठी फिल्म 'एकुल्ती एक' की कहानी लिख रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी और को फिल्म में कास्ट करने से बेहतर है कि क्यों ना श्रिया को ही कास्ट कर लें। घर का माहौल एक्टिंग की यूनिवर्सिटी की तरह है। पेरेंट्स का एक अलग मुकाम और पहचान है। मैं तो अभी खुद का नाम बनाने की कोशिश कर रही हूं। अपने पेरेंट्स की लिगेसी को आगे बढ़ाना है। उन दिनों मैं खूब ऑडिशन दे रही थी। वाईआरएफ में भी मैं लगातार अलग-अलग भूमिकाओं के लिए ऑडिशन दे रही थी। उसी दौरान फिल्म 'फैन' के लिए ऑडिशन दिया था। फिल्म के डायरेक्टर मनीष शर्मा ने नेहा सिंह की भूमिका के लिए 750 लड़कियों में से चुना था।




## पहले दिन ही 100 करोड़ी क्लब में शामिल हुई देवरा

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर स्टारर फिल्म देवरा- पार्ट 1 इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में विलेन के रोल में सैफ अली खान ने धमाल मचा दिया है। 300 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म को लोगों ने मिक्स रिव्यू दिए हैं। फिल्म ने पहले दिन यानी शुक्रवार को 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। डायरेक्टर कोराताला शिवा की इस फिल्म को साउथ के साथ हिंदी बेल्ट में भी पसंद किया जा रहा है। रिलीज से पहले ही फिल्म ने एडवांस बुकिंग के मामले में बाजी मार ली थी। फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में 27 करोड़ की कमाई कर ली थी। अब सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने शुक्रवार को भारत में 77 करोड़ और दुनियाभर में 140 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के मेकर्स इसके 100 करोड़ क्लब में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## अवनीत कौर ने शुरू की 'लव इन वियतनाम' की शूटिंग

अपने डेब्यू प्रोजेक्ट लव इन वियतनाम के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में कदम रखते हुए अभिनेत्री अवनीत कौर ने अपने नए रोमांचक सफर की शुरुआत की है। इस उपलब्धि को अपने फैंस के साथ बांटते हुए उन्होंने कई तस्वीरें शेयर की है। इंस्टाग्राम पर 31.9 मिलियन फॉलोअर्स वाली अवनीत तस्वीरों में व्हाइट क्रॉप टॉप, ब्लैक शॉर्ट स्कर्ट और ब्लैक वर्सिटी जैकेट में कूल चिक वाइब्स देती नजर आई। इसके लिए उन्होंने नेचुरल मेकअप और अपने बालों को बन में बांधकर अपने लुक को सनग्लास, व्हाइट लॉन्ग सॉक्स, मैचिंग स्नीकर्स और ब्लैक हैंडबैग के साथ पूरा किया। इस पोस्ट उन्होंने अपने प्रोजेक्ट से कई सारी तस्वीरें शेयर की, जिसमें उन्हें बाल और मेकअप करवाते हुए देखा जा सकता है। अपने लोकेशन को वियतनाम के दालात के साथ टैग करते हुए कैप्शन में अपनी खुशी जाहिर की। लव इन वियतनाम बेस्टसेलर मैडोना इन ए फर कोट पर आधारित है। यह एक आकर्षक कहानी देने का वादा करती है, जो दर्शकों को पसंद आएगी। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित और ओमंग कुमार द्वारा निर्मित इस फिल्म में शांतनु और वियतनाम की अभिनेत्री खा नगन भी हैं। 22 वर्षीय दिवा ने 2010 में जी टीवी के डांस शो डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने 2012 में लाइफ ओके के मेरी मां से अभिनय की शुरुआत की। इसमें उन्होंने झिलमिल की भूमिका निभाई थी। इसके बाद वह सब टीवी के शो टेढ़े हैं पर तेरे मेरे हैं में नजर आई। उन्होंने दर्शील सफारी के साथ सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 5 में भी भाग लिया। अवनीत ने सावित्री - एक प्रेम कहानी, एक मुट्ठी आसमान, हमारी सिस्टर दीदी, चंद्र नंदिनी और अलादीन-नाम तो सुना होगा जैसे टीवी शो में काम किया है। वह मर्दानी, चिड़ियाखाना, टीकू वेड्स शेरू, लव की अरेंज मैरिज जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं।




# मैं शादीशुदा हूं और मेरी एक बेटी है

अभिनेत्री कल्कि केकलां ने अपने बॉयफ्रेंड गाय हर्शबर्ग के साथ शादी करने को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है. उन्होंने कहा कि वह शादीशुदा हैं और उनकी एक बेटी है। आपको बता दें कि हाल ही में कल्कि ने एक बातचीत के दौरान कहा था कि उनका अपने बॉयफ्रेंड से शादी का कोई प्लान नहीं है, लेकिन अब उन्होंने कहा है कि वह शादी कर चुकी हैं और अपनी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं। कल्कि केकलां ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया है कि वह शादीशुदा हैं और उनकी चार साल की एक बेटी भी है। कल्कि ने कहा कि उन्होंने हर्शबर्ग से शादी कर ली है। मुझे बिना शादी के ही बच्ची होने को लेकर ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब मेरे पास इस सब बातों के लिए समय नहीं है। कल्कि ने कहा, अब मैं शादीशुदा हूं और मेरी एक बेटी भी है। मुझे नहीं लगता कि मेरे पास इन सब बेकार बातों के लिए समय है। मुझे ऐसा लगता है कि ऐसा पहले होता था, हमारी अपनी कुछ सीमाएं और नियम होने चाहिए। कल्कि ने कहा कि एक ऐसा इंसान मिलना बहुत मुश्किल है जिसके साथ आप अच्छा महसूस करें। साथ ही वो किनारे पर खड़ा हो, जब आपके साथ सेल्फी ली जा रही हो। कल्कि केकलां ने अपनी पहली शादी को लेकर बात की है। कल्कि ने कहा, मैं मानती हूं, तब मैं बहुत छोटी थी और मुझे ये सब बहुत मुश्किल लगता था।



## दिवाली के दिन जारी होगा पवन कल्याण की हरि हर वीरा मल्लू का पहला गाना



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और सुपरस्टार पवन कल्याण राजनीति के साथ अभिनय में भी व्यस्त हैं। वे अपने पहली पैन इंडिया फिल्म हरि हर वीरा मल्लू- भाग 1 - स्वॉर्ड बनाम स्पिरिट पर काम कर रहे हैं। ज्योति कृष्णा द्वारा निर्देशित फिल्म का फिल्मांकन फिर से शुरू हो चुका है और इसका प्रचार भी किया जा रहा है। खबर है कि पवन पर आधारित एक गाना फिल्माया गया है, जिसे उन्होंने संगीतकार एमएम कीरवानी की मदद से खुद ही गाया है। अब चर्चा है कि फिल्म का यह पहला गाना इस दिवाली के दौरान रिलीज किया जाएगा, जिसके लिए फैंस भी उत्साहित हैं। इस पर आधिकारिक एलान का इंतजार है, यह फिल्म 28 मार्च, 2025 को बड़े पर्दे पर आने वाली है।





# विवेक ने बिना नाम लिए सलमान पर साधा निशाना!

हाल ही में आयोजित हो रहे आईफा अवॉर्ड 2024 से आ रहे कई वीडियोज सुर्खियों में है। इस दौरान विवेक ऑबेरॉय का भी एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो शाहरुख खान की तारीफों के पुल बांधते हुए नजर आए हैं। हालांकि उनके मंच पर दिए गए बयान को सलमान खान से जोड़कर देखा जा रहा है। फैंस का मानना है कि विवेक ने बिना नाम लिए सलमान पर निशाना साधा है। वायरल हो रहे वीडियो में विवेक ऑबेरॉय मंच पर शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं। इस दौरान शाहरुख की तारीफ में विवेक ने कहा है, ये आदमी, मैं सच कह रहा हूं, ये सिर्फ ऑन स्क्रीन किंग नहीं बल्कि ये ऑफ स्क्रीन भी किंग ऑफ हार्ट हैं। कई लोगों के पास फेम और पावर है, लेकिन जो आपकी सबसे स्पेशल बात है, वो ये कि आपने अपने पावर का इस्तेमाल लोगों को आगे बढ़ाने के लिए किया है। विवेक की तारीफ सुनकर शाहरुख खान ने भावुक होकर कहा है, अभी तुमने और बोला तो ये अवॉर्ड मैं खुद रख लूंगा। वीडियो सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि विवेक ने बिना किसी का नाम लिए सलमान खान पर निशाना साधा है। क्योंकि विवेक कई बार ये दावा कर चुके हैं कि सलमान खान ने अपने पावर का इस्तेमाल कर उन्हें कई फिल्मों से निकलवाया था, जिससे उनका करियर बर्बाद हुआ है। बताते चलें कि एक समय में सलमान खान से ब्रेकअप के बाद ऐश्वर्या राय का नाम विवेक ऑबेरॉय से जुड़ा था। इस दौरान विवेक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि सलमान उन्हें लगातार धमकियां दे रहे हैं।

## बिग बॉस 18 का हिस्सा होंगी निया शर्मा

बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने वाले प्रतियोगियों का नाम जानने के लिए प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। सलमान खान के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस रियलिटी शो का प्रीमियर 6 अक्तूबर को जियो सिनेमा प्रीमियम पर होगा। शो के प्रतियोगियों को लेकर कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं वहीं, अब अभिनेत्री निया शर्मा ने एलान कर दिया है कि वह बिग बॉस 18 का हिस्सा होंगी। दरअसल, निया शर्मा खतरों के खिलाड़ी 14 के ग्रैंड फिनाले में नजर आईं। इसी दौरान उन्होंने होस्ट रोहित शेट्टी के साथ मिलकर सलमान खान के शो का हिस्सा बनने का एलान किया।






## हिंदुस्तान जिंक की वेदांता ज़िंक सिटी हाफमैराथन को अभूतपूर्व सफलता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा रन फॉर जीरो हंगर के उद्धेश्य से आयोजित हिन्दुस्तान ज़िंक की वेदांता ज़िंक सिटी हॉफ मैराथन अभूतपूर्व सफ्लता के साथ आयोजित हुई। भारत की सबसे खूबसूरत एवं एआईएमएस द्वारा प्रमाणित वेदांता जिंक सिटी हाफमैराथन के साथ उदयपुर में रविवार की सुबह उत्साह और उमंग से भरपूर थी। अल सवेरे जब इस मैराथन में शामिल होने वाले धावकों का जन समूह इसके उद्गम स्थल फ्ल्डि क्लब के लिए निकला तो शहर में हर तरफदौड़ की ही चर्चा थी। हजारों की संख्या में इस मैराथन में भाग लेने वालों के उल्लास ने जिंक सिटी उदयपुर में आयोजित इस दौड और शहर को वैश्विक दौड़ के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर दिया। मैराथन में विश्व के एथलीट, भारतीय शीर्ष धावकों और दौड के शौकिन लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मैराथन को उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत, विधायक उदयपुर शहर ताराचंद जैन,विधायक उदयपुर ग्रामीण फूल सिंह मीणा, पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज राजेश मीणा, आयुक्त नगर निगम उदयपुरराम प्रकाश, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उत्तर-पश्चिम रेलवे शशि किरण, आयुक्त उदयपुर विकास प्राधिकरणराहुल जैन, आरटीओ उदयपुर नेमीचंद पारेख, हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा, सचिव फील्ड क्लब उदयपुर उमेश मनवानी एवं संस्थापक एनीबडी कैन रन डॉ. मनोज सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिभागियों ने फ्तेह सागर झील की सुकून भरी सुबह और अरावली पर्वतमाला के सौंदर्य के साथ इस दौड़ का आनंद लिया जिसका मार्ग महाराणा प्रताप स्मारक, नीमच माता मंदिर पहाड़ी और हरे-भरे बगीचों की सुंदरता से परिपूर्ण था। मैराथन ने उदयपुर की समृद्ध ज़िंक की विरासत को पुनःस्मरण किया जो कि 2,500 से अधिक वर्षों से शहर के इतिहास के साथ जुड़ी हुई है।


## स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने ग्रीन एनर्जी पहलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और हाउसिंग सोसाइटी के लिए शून्य कॉस्ट ईएमआई पेश की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसइ- 511700), एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए एक नई फंडिंग योजना शुरू की है। यह योजना कंपनियों को ग्रीन ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद करेगी, जिससे ऊर्जा का उपयोग और भी टिकाऊ और किफायती हो सके। भारत की बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रयासों के अनुरूप, स्टैंडर्ड कैपिटल का फंडिंग उन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो सौर पैनल और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करते हैं। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, 2023 तक 68 गीगावॉट से अधिक सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। यह प्रयास देश के 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के बड़े लक्ष्य का हिस्सा है। इस पहल का मुख्य आकर्षण शैक्षणिक संस्थानों और हाउसिंग सोसाइटी के लिए बनाया गया शून्य लागत ईएमआई वित्तपोषण योजना है, जो हरित ऊर्जा समाधान अपनाने को और अधिक सुगम और सस्ती बनाता है। शून्य लागत ईएमआई योजना एक अनूठी, ब्याज-मुक्त पुनर्भुगतान संरचना प्रदान करती है, जिससे संस्थानों पर वित्तीय बोझ कम होता है और टिकाऊ ऊर्जा के व्यापक उपयोग को सक्षम बनाया जाता है। इस सेवा के द्वारा, स्टैंडर्ड कैपिटल शैक्षणिक और आवासीय क्षेत्रों में ग्रीन ऊर्जा आंदोलन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# निवेश-बचत: सही समय पर संपत्तियों की वसीयत जरूर बनाएं; नॉमिनी से ही सब कुछ तय नहीं हो जाता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक दशक पहले सरकारी सेवाओं से वरिष्ठ पदों पर सेवानिवृत्त हुए पति-पत्नी की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद कुछ दोस्तों और समान आयु वर्ग के लोगों के साथ रहने के लिए सेवानिवृत्ति समुदाय में जाने का फैसला किया था। उनके पास काफी संपत्ति थी। वे आध्यात्मिक भी थे और एक ऐसे समूह का हिस्सा थे जो उन दान कार्यों में लगे थे जो उन्हें पसंद थे। उस व्यक्ति ने अपने जीवनकाल के बाद अपनी सारी संपत्ति उस संगठन के लिए छोड़ने का मन बना लिया था जिस पर वे विश्वास करते थे।

हर बुजुर्ग की तरह, जब उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगीं, तो वे कुछ भतीजों और एक भतीजी के नियमित संपर्क में थे। भतीजे और भतीजियों ने भी अपने चाचा और चाची का ख्याल रखना शुरू कर दिया। चाचा की यह इच्छा थी कि उनके नहीं रहने के बाद कुछ रकम पोते और पोतियों व भतीजियों को मिल जाए। उनको एक सुझाव दिया गया कि वे एक वसीयत का मसौदा तैयार करें जिसमें स्पष्ट रूप से बताया जाए कि वे क्या चाहते हैं। हर छोटी बात का विवरण दिया जाए। हालांकि, दोनों बुजुर्ग इस बात को लेकर स्पष्ट थे कि वे अपनी संपत्ति का क्या करना चाहते हैं, लेकिन वे कागज पर लिखने में सहज नहीं थे।



### नॉमिनी से ही सब कुछ तय नहीं हो जाता

उन्होंने कुछ भतीजों को कुछ म्यूचुअल फंड निवेशों के लिए नॉमिनी बनाया। बाकी रकम के लिए चैरिटी का नाम लिख दिया। उनका दिल्ली और हैदराबाद में घर था, जिनके किराये से खर्चा चल रहा था। कोविड के दौरान, चाचा का निधन हो गया। चूंकि उनकी सारी संपत्ति पत्नी के पास संयुक्त रूप से थी, इसलिए यह सब उनके नाम हो गई। वह भी वसीयत बनाने को तैयार नहीं थीं। वह भी कुछ संपत्ति उन्हीं तीन लोगों को देना चाहती थी। इनमें दो भतीजे और भतीजी थी जिनके बारे में वे इतने सालों से बात कर रहे थे। चाची ने हाथ से लिखा हुआ एक पत्र छोड़ रखा था। वह चाहती थीं कि उनकी वित्तीय संपत्ति तीन लोगों को समान रूप से वितरित की जाए। संपत्ति का चौथा हिस्सा दान में दिया जाए। घर भी दान में दिए जाएं। पिछले साल उनकी मृत्यु के बाद यह दस्तावेज उनके एक मित्र ने इसे पेश किया था। लेकिन, अब तक घर के 10 दावेदार हो गए। इनमें उनके कई भतीजे और भतीजी के साथ अन्य लोग थे।

### बचत और निवेश को समेकित करें

मकानों का रखरखाव करना कठिन है। उनसे किराये पर निर्भर रहना असुरक्षित है। बचत और निवेश को समेकित करें और कुछ बैंक खाते रखें। स्वास्थ्य देखभाल और करीबी लोगों के समर्थन के संबंध में अपनी पसंद बनाएं। जहां भी संभव हो उसका दस्तावेजीकरण करें। महत्वपूर्ण यह कि एक वसीयत तैयार करें।

### सही समय पर लें सही फैसला

एक बार जब आप 60 साल के या सेवानिवृत्त हो जाएं, तो अपनी अचल संपत्ति में हिस्सेदारी कम कर दें। महत्वपूर्ण बात यह है वसीयत तब बनाएं, जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से निर्णय लेने और चीजों को अपने प्रियजनों या उन संगठनों को सौंपने में सक्षम हों जिन्हें आप सौंपना चाहते हैं। अपने निधन के बाद अपने प्रियजनों को दुखी न छोड़ें, क्योंकि आपने जीवित रहते हुए यह स्पष्ट रूप से तय नहीं किया है कि अपनी संपत्ति का क्या करना है। सेवानिवृत्त होने के बाद कम अव्यवस्थित वित्तीय जीवन जीने की मानसिकता बनाएं। म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कम करें। स्टॉक होल्डिंग्स को भी सीमित करें।

### कोर्ट-कचहरी के साथ होती है परेशानी

मामला अब अदालत में है। यह अधिकांश बुजुर्ग लोगों का मामला है जिनके पास स्पष्ट निर्देश नहीं है कि वे अपनी संपत्ति का क्या करना चाहते हैं। ऐसे में सभी बुजुर्ग जीवन के अंतिम पड़ाव के लिए योजना बनाएं। उनके पास कम से कम वित्तीय परिसंपत्तियां हों, जिन्हें प्रबंधित करना और संभालना आसान हो। जैसे ही आप 50 वर्ष के हो जाएं, सोचें कि जब सेवानिवृत्त होंगे तो आप और आपका जीवनसाथी क्या करना पसंद करेंगे। आप एक अच्छी सेवानिवृत्ति के हकदार हैं। यह सुनिश्चित करना सही होगा कि आपके पास आराम से रहने के लिए पैसा हो।

## भारतपे से अशनीर ग्रोवर का पूरी तरह पत्ता साफ!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल पेमेंट कंपनी भारतपे और उसके कोफाउंडर रहे अशनीर ग्रोवर के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक दोनों पक्षों ने इसके लिए एक समझौता किया है। इसके मुताबिक अशनीर ग्रोवर पूरी तरह कंपनी से बाहर हो जाएंगे। वह कंपनी से किसी भी रूप में नहीं जुड़े रहेंगे और शेयरहोल्डिंग का भी हिस्सा नहीं होंगे। भारतपे के एक प्रवक्ता ने कहा कि अशनीर ग्रोवर के कुछ शेयर को ट्रांसफर कर दिए जाएंगे और बाकी शेयर उनका फैमिली ट्रस्ट ट्रांसफर करेगा। दोनों पक्षों ने एकदूसरे के खिलाफ दायर मामलों को आगे नहीं बढ़ाने पर सहमति जताई है। फिनटेक कंपनी ने अशनीर ग्रोवर और उनके परिवार पर 88.67 करोड़




रुपये के गबन का आरोप लगाया था।

अशनीर ग्रोवर ने एक बयान में कहा कि उन्होंने भारतपे के साथ मामले को निपटाने के लिए एक समझौता किया है। उन्होंने कहा, मुझे कंपनी के मैनेजमेंट और बोर्ड पर पूरा भरोसा है। वे कंपनी को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। मैं कपंनी की ग्रोथ और सफलता चाहता हूं। मैं अब किसी भी क्षमता में भारतपे से जुड़ा नहीं रहूंगा, न ही शेयरहोल्डिंग का हिस्सा रहूंगा। मेरे शेष शेयरों का प्रबंधन मेरे पारिवारिक ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। दोनों पक्षों ने दायर मामलों को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। मुझे उम्मीद है कि भारतपे अपने सभी हितधारकों के लाभ के लिए आगे बढ़ता रहेगा और सफल होता रहेगा। भारतपे और ग्रोवर के बीच विवाद की शुरुआत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी। तब एक ऑडियो क्लिप सामने आया था जिसमें कथित रूप से ग्रोवर और कोटक बैंक के एक कर्मचारी की आवाज थी। इसमें ग्रोवर बैंक कर्मचारी को कथित रूप से धमका रहे थे। इसके बाद ग्रोवर मार्च के मध्य तक वॉलंटरी लीव पर चले गए थे। कंपनी के बोर्ड ने इंडिपेंडेंट ऑडिट की घोषणा की।

## 2035 तक इलेक्ट्रिक वाहनों में खर्च होगा कुल बिजली उत्पादन का 6 से 9 फीसदी हिस्सा, रिपोर्ट में दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** निवेश प्रबंधन फर्म आईकेआइजीएआई एसेट मैनेजर होल्डिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में इलेक्ट्रिक वाहन ( ईवी ) 2035 तक देश की बिजली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खपत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2035 तक भारत की कुल बिजली खपत में ईवी का हिस्सा 6 से 8.7 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह ईवी के बढ़ते उपयोग और पावर ग्रिड पर उनके प्रभाव को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में ईवी यानी इलेक्ट्रिक वाहन 2035 तक लगभग 6 से 8.7 प्रतिशत बिजली की खपत करेंगे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर ईवी को



अपनाने में इजाफा देखा जा रहा है। 2023 में, ईवी दुनिया भर में सभी प्रकार की कार बिक्री का 18 प्रतिशत हिस्सा बन गया।

# फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2024 के 11वें संस्करण की शुरुआत

### 33 करोड़ से ज्यादा यूज़र्स के साथ फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2024 ने की भारत में त्योहारी सीजन की शुरुआत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) 2024 के 11वें संस्करण की शुरुआत कर दी है। फ्लिपकार्ट वीआईपी और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर को अर्ली एक्सेस (एक दिन पहले) के साथ 27 सितंबर से सभी ग्राहकों के लिए टीबीबीडी की शुरुआत हो गई है। अर्ली एक्सेस डे और पहले दिन कुल मिलाकर 33 करोड़ से ज्यादा यूजर विजिट्स देखने को मिले, जो देशभर के खरीदारों के त्योहारी उत्साह को दिखाता है। मोबाइल, फूड एंड न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग कैटेगरी में बढ़ती मांग के साथ शुरुआती ट्रेंड्स आगे जबर्दस्त त्योहारी सीजन का संकेत दे रहे हैं।

द बिग बिलियन डेज के 11वें संस्करण के मौके पर फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट ग्रोथ हर्ष चौधरी ने कहा, 'हर साल भारत में त्योहारी सीजन की शुरुआत द बिग बिलियन डेज के साथ होती है, जो पूरे इकोसिस्टम को



साथ लाता है। यह सिर्फएक शॉपिंग फेस्टिवल नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विकास, नवाचार एवं गठजोड़ को बढ़ावा देने का अवसर है, साथ ही विभिन्न वर्गों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। फ्लिपकार्ट ने भारत में डिजीटलीकरण के सफ्र को सक्षम बनाया है और द बिग बिलियन डेज की इसमें अहम भूमिका रही है। ग्राहकों एवं इकोसिस्टम पार्टनर्स के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाते हुए हम सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं, साथ ही ग्राहकों की संतुष्टि एवं कारोबारी सफ्लता के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। शुरुआती ट्रेंड्स ऐसी श्रेणियों में बढ़ती मांग की ओर संकेत कर रहे हैं, जिनसे लाइफ्स्टाइल अपग्रेड में मदद मिलती है। इस साल त्योहारी सीजन में टियर 2 शहरों से भी मांग में तेज वृद्धि देखने को मिली है। फ्लिपकार्ट में हम हर किसी को इस सफ्र के लिए सशक्त करते हुए डिजिटल इकोनॉमी में संभावनाओं के लगातार नए मानक बनाने में विश्वास रखते हैं।'

शुरुआती ट्रेंड्स से इस त्योहारी सीजन में भारतीय लोगों की प्राथमिकता का मिल रहा है संकेत टीबीबीडी 2024 के शुरुआती ट्रेंड्स ग्राहकों का जबर्दस्त उत्साह दिखा रहे हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्ज अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी एवं होम प्रोडक्ट्स जैसी कैटेगरी में ग्राहकों के बीच सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। एक ओर जहां नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरुजैसे मेट्रो शहरों में टीबीबीडी के पहले 24 घंटों में ग्राहकों की तरफ से मांग में वृद्धि देखने को मिली, वहीं मेदिनीपुर, हिसार, बरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे छोटे शहरों से भी जबर्दस्त मांग दर्ज की गई है। एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, स्पोर्ट्स फुटवियर, कैजुअल फुटवियर एवं फॉर्मल फुटवियर जैसे प्रोडक्ट्स की शॉपिंग करते हुए ग्राहक अपनी लाइफ्स्टाइल को अपग्रेड कर रहे हैं। बिग बिलियन डेज के अर्ली एक्सेस डे पर और पहले दिन इन कैटेगरी में ज्यादा मांग देखने को मिली है।

ऑन-एप एक्सपीरियंस से बढ़ा है ग्राहकों का जुड़ाव ब्रांड मॉल, फ्लिपइन ट्रेंड्स और स्पॉयल जैसे एंगेजिंग फीचर्स के माध्यम से फ्लिपकार्ट विभिन्न ग्राहकों को जोड़ रहा है और पर्सनलाइज्ड एवं ट्रेंड आधारित शॉपिंग एक्सपीरियंस दे रहा है, जिसमें इसके बड़े यूजर बेस की अलग-अलग प्राथमिकताओं और जरूरतों की झलक दिखती है। जेन जेड पीढ़ी के पसंदीदा ट्रेंड्स में बैगी बॉटम एवं जीन्स, ब्लॉक प्रिंट कुर्ता, डेम्यूर ड्रेसेज, रेट्रो रनर्स, यूटिलिटी कार्गो, मल्टी पॉकेट शर्ट, को-ऑर्ड सेट एवं जापानीज स्टाइल टी-शर्ट्स शामिल हैं। वैल्यू फॉर ऑल फ्लिपकार्ट के हाइपरवैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी पर ग्राहकों की विजिट 70 प्रतिशत बढ़ी है

# सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाई

### आखिरी तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर 7 अक्टूबर की गई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है। सीबीडीटी की ओर से रविवार को जारी एक परिपत्र (सं. 10/2024, संदर्भ 225/205/2024-आईटीए-) के अनुसार , इन रिपोर्टों को दाखिल करने की समय सीमा इस वर्ष 30 सितंबर से बढ़ाकर 7 अक्तूबर कर दी गई है।

सीबीडीटी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी ) ने पिछले वर्ष 2023-24 के लिए ऑडिट की विभिन्न रिपोर्ट दाखिल करने की तिथि को बढ़ाने का फैसला किया है। अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) के स्पष्टीकरण 2 के खंड (ए) में संदर्भित करदाताओं के के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर, 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 07 अक्तूबर 2024 कर दिया गया है।







सर्कुलर के अनुसार, यह निर्णय सीबीआईटी द्वारा करदाताओं और अन्य हितधारकों द्वारा आवश्यक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने के बाद आया है। कई व्यक्तियों और संगठनों को आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की मूल समय सीमा को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

सीबीआईटी ने आयकर अधिनियम की धारा 119 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए यह विस्तार देने का फैसला किया। यह अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) के स्पष्टीकरण 2 के खंड (ए) के तहत कवर किए गए करदाताओं पर लागू होता है। यह खंड करदाताओं की विशिष्ट श्रेणियों को संदर्भित करता है, जिन्हें मूल्यांकन वर्ष के लिए ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है।

ऑडिट दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ने से करदाताओं को अपनी इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। अब वे अनावश्यक दबाव या दंड का सामना किए बिना नियमों का पालन कर सकते हैं। सीबीडीटी ने करदाताओं को सलाह दी है कि वे इस विस्तारित समय सीमा का अधिकतम लाभ उठाएं और 7 अक्तूबर 2024 की नई नियत तारीख तक अपनी ऑडिट रिपोर्ट समय पर जमा करना सुनिश्चित करें।

## एफआईआई सेंट कैपिटल फंड, एजी डायनेमिक फंड्स व अन्य ने एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई, एजेंसी।** एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड (एनएसई- एमओएस) लीडिंग फिनटेक कंपनियों में से एक है, जो व्यवसायों और व्यक्तियों को अनेक प्रकार की फिनटेक और यूटिलिटी पेमेंट सॉल्यूशंस सर्विसेज़ देती है। कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच के साथ एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड सीमलेस और सिक्योर फिनटेक सॉल्यूशंस देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो पहुंच को बढ़ाने के साथ फाइनेंशियल इंक्लूजन को बढ़ावा देता है। एनएसई पर उपलब्ध बल्क डील्स के डेटा के अनुसार, एफआईआई सेंट कैपिटल फंड, एजी डायनेमिक फंड्स लिमिटेड, मिनर्वा वेंचर्स फंड, नेक्सपैक्ट लिमिटेड और ब्रिज इंडिया फंड ने 26 सितंबर 2024 को एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी है। सेंट कैपिटल फंड ने 15,40,000 शेयर्स, एजी डायनेमिक फंड्स ने 2,69,600 शेयर्स, जबकि ब्रिज इंडिया फंड ने 5,49,600 शेयर्स हिस्सेदारी खरीदी है। एमओएस के पास भारत में प्रतिष्ठित विशाल कॉर्पोरेशंस के साथ समृद्ध और विविध अनुभव है, एमओएस विभिन्न बिज़नेसेस वेब और ऐप बेस्ड बैंकिंग / ट्रैवल / यूटिलिटी सर्विसेज़ आदि का समूह है। फाइनेंशियल इंक्लूजन के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए एमओएस ने प्रसिद्ध अभिनेता श्री नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ सहयोग किया है। इस स्ट्रेटिजिक कोलैबोरेशन के द्वारा, एमओएस का लक्ष्य अपनी फाइनेंशियल सर्विसेज़ की सुविधा और पहुंच को उजागर करना है, यह प्रदर्शित करना है कि वे पूरे भारत में व्यक्तियों की विविध आवश्यकताओं को कैसे पूरा करते हैं। श्री सिद्दीकी का भरोसेमंद और विनम्र व्यक्तित्व एमओएस के कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच के साथ सहजता से मेल खाता है, जो जनता के बीच रेज़नेट होता है। शहरी और ग्रामीण भारत में फैले अपने विशाल प्रशंसकों का लाभ उठाकर, एमओएस का उद्देश्य फाइनेंशियल विभाजन को पाटना, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा देना है। एसोसिएशन श्री नवाजुद्दीन सिद्दीकी को विभिन्न ब्रांडिंग कैंपेन्स में शामिल करेगा, जो एमओएस की व्यापक सेवाओं को प्रदर्शित करेगा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके फॉलोअर्स और व्यापक फेन बेस का लाभ उठाएगा। श्री नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ एमओएस का यह सहयोग ब्रांड पहचान को बढ़ाना और नए ग्राहकों तथा बॉलीवुड प्रशंसकों को आकर्षित करना चाहता है।

## ड्रॉ टेस्ट मैच को भारत ने जीत की ओर मोड़ा

**कानपुर, एजेंसी।** भारत ने कानपुर टेस्ट को ड्रॉ से जीत की ओर मोड़ दिया है। बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट में सोमवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 26 रन बनाए। टीम अब भी भारत से 26 रन पीछे है। टीम इंडिया ने आज अपनी पहली पारी 285 रन के स्कोर पर डिक्लेयर कर दी थी।



भारत को 52 रन की बढ़त मिली थी। शादमान इस्लाम और मोमिनुल हक नाबाद हैं। भारत के लिए दोनों विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए। उन्होंने जाकिर हसन के बाद हसन महमूद को आउट किया। बांग्लादेश पहली पारी में 233 रन बनाकर सिमट गया था। ग्रीन पार्क स्टेडियम में बारिश के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका।

## रोहित और जायसवाल ने कानपुर के ग्रीनपार्क में रचा इतिहास

**कानपुर, एजेंसी।** रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर 30 सितंबर 2024 को इतिहास रचा। रोहित और यशस्वी ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी की शुरुआत करते हुए 3 ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन पर पहुंचा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंद में 50 रन पूरे करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय टीम इंग्लैंड का जुलाई 2024 में ही बनाया गया रिकॉर्ड पीछे छोड़ा।

भारत ने इस टेस्ट मैच में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किये। भारत के इस तरह इतिहास रचने पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के





बल्लेबाज बेन डकेट के मजे लिये।

लखनऊ सुपरजायंट्स ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'भारत के टेस्ट इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का सारा श्रेय बेन डकेट को जाता है।' लखनऊ सुपरजायंट्स ने पोस्ट के साथ मीम भी शेयर किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की इस पोस्ट पर इंस्टाग्राम यूजर्स ने भी खूब मजे लिये।

दरअसल, फरवरी 2024 में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक से शतक तक पहुंचने में सिर्फ 42 गेंद ली थीं। दिन का खेल खत्म होने के बाद बेन डकेट ने यशस्वी जायसवाल के आक्रामक रवैये की सराहना की थी। हालांकि, साथ ही दावा किया था कि इंग्लैंड के नए क्रिकेट दर्शन ने खिलाड़ियों के बीच अधिक आक्रामक खेल शैली को बढ़ावा दिया है।

लगभग दो साल पहले बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की जोड़ी के एक साथ आने के बाद से इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति ने उन्हें काफी लाभ पहुंचाया है।

बेन डकेट का मानना है कि कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति के बिना, यशस्वी जायसवाल के साथ-साथ विश्व स्तर पर अन्य खिलाड़ी भी आक्रामक खेल शैली अपनाने के लिये इतना उत्साहित नहीं होते। इसके बाद इंटरव्यू में यशस्वी जायसवाल ने कहा था, 'मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। मैं बस वही करने की कोशिश करता हूं, जो मैदान पर कर सकता हूं।'

### सार समाचार

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की तैयारियों पर बोले लक्ष्मण

### सिर्फ नेट्स अभ्यास नहीं था, मैच भी खेले



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी20 महिला विश्व कप से पहले यहां सेंटर आफ एक्सीलैंस में लगाये गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस में पत्रकारों से कहा, 'उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग-अलग तरह की चुनौतियां दी।

लक्ष्मण ने कहा कि भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैने भारतीय युवा लड़कियों और अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है। डब्ल्यूपीएल काफी अच्छी पहल है। इससे आईपीएल की ही तरह घरेलू क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने का मंच मिला है।

## शंकर दास ने 7 साल बाद गोलकोंडा मास्टर्स गोल्फ में जीता खिताब



**हैदराबाद (एजेंसी)।** कोलकाता के गोल्फर शंकर दास ने रविवार को यहां अंतिम दौर में 64 के शानदार कार्ड के साथ एक करोड़ रुपए की इनामी राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स में 3 शॉट से जीत हासिल की। उन्होंने इस जीत के साथ ही सात साल के खिताबी सूखे को खत्म किया। तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे दास ने कुल 18 अंडर 262 (70-64-64-64) का स्कोर बनाया। उन्होंने इस दौरान आखिरी 53 होल में एक भी बोगी नहीं लगाई। उन्हें इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 15 लाख रुपए मिले और वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 42वें से 14 स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अंगद चीमा 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने चौथे दौर में 69 का कार्ड खेला। गुरुग्राम के वीर अहलावत (68) 14 अंडर 266 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## आईपीएल ने विदेशी प्लेयर्स के पर कतरे

**बिकने के बाद नहीं खेले तो 2 साल का बैन**

### 18 करोड़ से ज्यादा कमा भी नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने शनिवार को आईपीएल की नई रिटेंशन पॉलिसी लागू कर दी। पॉलिसी के नियमों में विदेशी प्लेयर्स को नुकसान पहुंचता नजर आ रहा है। इसके तहत सभी विदेशी प्लेयर्स को मेगा ऑक्शन में रजिस्ट्रेशन कराना ही होगा। अगर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उन्हें बाद में होने वाले मिनी ऑक्शन में एंट्री नहीं मिलेगी। वहीं, किसी खिलाड़ी ने अगर ऑक्शन में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लिया तो उन्हें अगले 2 सीजन के लिए बैन कर दिया जाएगा। साथ ही विदेशी प्लेयर्स अब एक सीजन में 18 करोड़ रुपए से ज्यादा कमा भी नहीं पाएंगे। पिछले मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ और पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में बिके थे।

**आईपीएल का नया रिटेंशन रूल** – आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले अब फ्रेंचाइजी टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। जिनमें ज्यादा से ज्यादा 5 इंटरनेशनल और 2 अनकैप्ड प्लेयर शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल प्लेयर किसी भी देश का हो सकता है, लेकिन अनकैप्ड खिलाड़ी भारत का ही होना चाहिए अगर मुंबई इंडियंस ने 5 इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटेन किए तो टीम अब किसी अनकैप्ड प्लेयर को ही छठे खिलाड़ी के रूप में रिटेन कर सकेगी। वहीं टीम ने अगर 4 इंटरनेशनल प्लेयर रिटेन किए तो उनके पास 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन करने का ऑप्शन रहेगा।

**79 करोड़ में रिटेन कर सकेंगे 6 खिलाड़ी** – आईपीएल टीमों की पर्स लिमिट भी अब बढ़ाकर 120 करोड़ रुपए कर दी गई है, पहले यह 100 करोड़ थी। पहले खिलाड़ी को रिटेन करने पर 18 करोड़, दूसरे खिलाड़ी पर 14 करोड़ और तीसरे खिलाड़ी पर 11 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अगर 3 ही खिलाड़ी रिटेन किए तो पर्स से 43 करोड़ रुपए खर्च होंगे। टीमें अगर चौथे खिलाड़ी को रिटेन करती हैं तो उन्हें उसे 18 करोड़ रुपए ही देने होंगे। वहीं पांचवें प्लेयर के लिए 14 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। अनकैप्ड प्लेयर को रिटेन करने के लिए 4-4 करोड़ रुपए ही लगेंगे। प्लेयर रिटेंशन बताने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर 2024 शाम 5 बजे तक है। टीमों ने अगर 5 इंटरनेशनल और एक अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किया तो उनके पर्स से 79 करोड़ रुपए खर्च हो जाएंगे। वहीं टीमों ने 4 इंटरनेशनल और 2 अनकैप्ड प्लेयर रिटेन किए तो पर्स से 69 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं 5 इंटरनेशनल प्लेयर ही रिटेन किए तो पर्स से 75 करोड़ रुपए खर्च हो जाएंगे।

**विदेशी प्लेयर्स के लिए सख्त हुए नियम** – विदेशी खिलाड़ियों को अब आईपीएल में हिस्सा लेने के लिए मेगा ऑक्शन में रजिस्ट्रेशन कराना ही होगा। रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर उन्हें अगले मिनी ऑक्शन में हिस्सा नहीं लेने दिया जाएगा। कोई विदेशी प्लेयर अगर ऑक्शन में बिकने के बाद टूर्नामेंट से हट जाता है तो उन्हें अगले 2 सीजन के लिए बैन कर दिया जाएगा।

### राइट टु मैच कार्ड में क्या बदलाव हुआ?

ऑक्शन में राइट टु मैच यानी आरटीएम कार्ड की भी वापसी हुई है। टीमें चाहें तो 6 खिलाड़ी ऑक्शन से पहले रिटेन कर लें या फिर टीमें ऑक्शन में 6 आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर लें। टीमों ने अगर 3 खिलाड़ी रिटेन किए तो उनके पास ऑक्शन में 3 आरटीएम कार्ड ही बचेंगे। इसी तरह अगर 4 प्लेयर रिटेन किए तो ऑक्शन में 2 आरटीएम कार्ड बचेंगे। राइट टु मैच कार्ड टीमों को ऑक्शन में मिलता है। मान लीजिए, चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 प्लेयर रिटेन किए और उनके पास एक आरटीएम कार्ड बचा है। टीम मोईन अली को रिटेन नहीं कर सकी। अब अगर ऑक्शन में हैदराबाद ने मोईन को 6 करोड़ रुपए देकर खरीदा तो चेन्नई अपने आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर मोईन को अपनी टीम में ही रख सकती है।

यानी वह अगले 2 ऑक्शन में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे। हालांकि, खिलाड़ी अगर इंजर्ड है तो उन्हें बैन नहीं किया जाएगा, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने नेशनल बोर्ड की परमिशन लेनी होगी।

**विदेशियों को 18 करोड़ से ज्यादा नहीं मिलेंगे** – आईपीएल में पहली बार विदेशी प्लेयर्स को मिलने वाली रकम पर भी नियम आ गया। मिनी ऑक्शन में विदेशी खिलाड़ियों को सबसे बड़ी रिटेंशन वैल्यू 18 करोड़ रुपए से





ज्यादा की रकम नहीं मिलेगी। या फिर मेगा ऑक्शन में अगर सबसे महंगा भारतीय खिलाड़ी 16 करोड़ रुपए में बिका तो विदेशी प्लेयर्स को मिनी ऑक्शन में 16 करोड़ रुपए से ज्यादा नहीं मिलेंगे।

मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव को रिटेंशन की सबसे बड़ी कीमत 18 करोड़ रुपए में रिटेन किया। अब अगर मेगा ऑक्शन में रिंकू सिंह सबसे महंगे रहे, लेकिन उनकी कीमत 15 करोड़ रुपए ही रही। तो अगले मिनी ऑक्शन में विदेशी प्लेयर को 15 करोड़ रुपए से ज्यादा नहीं मिलेंगे।

वहीं, अगर रिंकू सिंह को मेगा ऑक्शन में 20 करोड़ रुपए में खरीदा गया तो अगले मिनी ऑक्शन में विदेशी प्लेयर को सूर्या की कीमत 18 करोड़ रुपए से ज्यादा नहीं मिलेंगे। यहां विदेशी प्लेयर्स को वही रकम मिलेगी जो रिटेंशन और मेगा ऑक्शन की सबसे बड़ी कीमत में सबसे कम हो।

## रविंद्र जडेजा के टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे, बनाए ये रिकॉर्ड

**कानपुर (एजेंसी)।** रविंद्र जडेजा भारत के लिए 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए। इसी के साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 3000 रन और 300 विकेट लेने विकेट सबसे तेज एशियाई भी हैं।

### सबसे कम टेस्ट में 300 विकेट और 3000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी

ईयान बॉथम - 72
रविंद्र जडेजा - 74
इमरान खान - 75



कपिल देव - 83
रिचर्ड हेडली- 83
शॉन पॉल्क - 87
रविचंद्रन अश्विन - 88

### भारत के लिए सबसे कम मैच में 300 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले प्लेयर्स

54 - रविचंद्रन अश्विन
66 - अनिल कुंबले
72 - हरभजन सिंह
74 - रवींद्र जडेजा*
83 - कपिल देव

गौर हो कि भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर आउट कर दिया। मोमिनुल हक 107 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि बांग्लादेशी पारी 74.2 ओवर में खत्म हो गई। लंच के बाद छह विकेट पर 205 रन से आगे खेलते हुए बांग्लादेश ने 28 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। मोहम्मद सिराज, अश्विन और आकाशदीप ने 2-2 विकेट झटके जबकि एक विकेट रविंद्र जडेजा के नाम रहा।

## मैं और धोनी एक जैसे हैं.... शाहरुख खान ने सुनाया मजेदार जोक

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल रिटेंशन नियमों के साफ होते ही महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स में स्थिति साफ हो गई है। वह संभवतः बतौर अनकैप्ड प्लेयर टीम के साथ बने रहेंगे। धोनी के भविष्य की खबरें स्पष्ट होते ही सोशल मीडिया पर बॉलीवुड सितारा शाहरुख खान की एक वीडियो भी ट्रेंड में आ गई है। इस वीडियो में शाहरुख धोनी के साथ अपनी



समानता बताते हैं जिन्हें क्रिकेट फैंस कटाक्ष मान रहे हैं। हाल ही में एक पुरस्कार समारोह के दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार को फिल्म निर्माता करण जौहर ने रिटायरमेंट के बारे में सवाल किया था। जिसपर शाहरुख ने कहा कि वह और धोनी एक ही तरह के दिग्गज हैं।

बहरहाल, वीडियो की शुरूआत में शाहरुख ने करण जौहर से कहा कि दिग्गजों के बारे में सबसे बड़ी बातज उनकी ख़ासियत ये होती है कि दिग्गजों को मालूम होता है, कब रुकना है, कब संन्यास लेना है। महान सचिन तेंदुलकर की तरह, सुनील छेत्री की तरह - फुटबॉलर, रोजर फेडरर की तरह - महान टेनिस स्टार। वे सभी जानते हैं कि कब सेवानिवृत्त होना है, और मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि आपको भी ऐसा करना चाहिए। तो कृपया वापस जाएं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

जौहर ने जवाब दिया- उस मानक के अनुसार तो हमारे हिसाब से आप क्यों रिटायर नहीं होते। इस पर शाहरुख ने दर्शकों को हंसाते हुए तुरंत जवाब दिया- असल में मैं दूसरे किस्म का महान हूं। मैं और धोनी एक किसम के लीजेंड हैं। ना ना कर के भी 10 बार आईपीएल खेल जाते हैं।

बता दें कि बीसीसीआई ने शनिवार को आईपीएल 2025 के लिए रिटेंशन नियमों की घोषणा कर दी है। प्रत्येक टीम को नीलामी से पहले अधिकतम छह खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति होगी। इस दौरान चेन्नई सुपर किंग्स को अनकैप्ड खिलाड़ियों के साथ जुड़े नियम से राहत मिली। नियम में कहा गया है कि कोई भी भारतीय खिलाड़ी जिसने पिछले पांच वर्षों में कोई अंतरराष्ट्रीय खेल नहीं खेला है, उसे 'अनकैप्ड खिलाड़ी' माना जाएगा और इसमें पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी शामिल हैं। नतीजतन, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज को सीएसके सिर्फ 4 करोड़ रुपए में रिटेन कर सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में जीती वनडे सीरीज, बारिश से बाधित 5वां वनडे किया अपने नाम

**ब्रिस्टल (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में आयोजित 5 वनडे मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है। ब्रिस्टल के मैदान पर खेला गया 5वां वनडे ऑस्ट्रेलिया बारिश से बाधित होने के कारण डीएलएस के माध्यम से 49 रन से जीत लिया है। यह मुकाबला सीरीज डिसाइडर था। मैच में इंग्लैंड की टीम पहले खेलते हुए मजबूत स्थिति में होने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के आगे अचानक धराशाई हो गई। एक समय 25 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 202 रन बना चुकी इंग्लैंड को ऐसे झटके लगे कि अगले 8 बल्लेबाज 105 रन जोड़कर ही पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से काम चलाऊ गेंदबाज ट्रेविस हेड ही 6.2 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट लेने में सफल रहे। इंग्लैंड के लिए बेन डंकेट ने 107 तो कप्तान हैरी ब्रूक ने 72 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मैथ्यू शॉर्ट और ट्रेविस हेड की बदौलत शानदार शुरूआत की। ऑस्ट्रेलिया जब 20.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 165 रन बना चुकी थी, की बारिश आ गई। मैच शुरू न हुआ तो डीएलएस के चलते ऑस्ट्रेलिया को विजेता घोषित कर दिया गया।

-

**इंग्लैंड = 309-10 (49.2 ओवर)** – इंग्लैंड के लिए ओपनिंग पर फिलिप सॉल्ट के साथ बेन डंकेट आए जिन्होंने टीम को शानदार शुरूआत दी। फिलिप शानदार रहे। उन्होंने 27 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। इंग्लैंड के नंबर 3 बल्लेबाज विल जैक 0 पर ही पवेलियन लौट गए। तभी बेन डंकेट ने कप्तान हैरी ब्रूक के साथ मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। 25वें ओवर में ब्रूक 52 गेंदों पर 3 चौके और 7 छक्कों की





मदद से 72 रन बनाकर आऊट हो गए। तब स्कोर 202 रन पर 3 विकेट था। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड ने तेजी से विकेट गंवाए। जेमी स्मिथ 6, लियाम लिविंगस्टोन 0, जैकब 13, ब्रायडन 9 रन बनाकर आऊट हो गए। बेन डंकेट ने 91 गेंदों पर 13 चौके और 2 छक्कों की मदद से 107 रन बनाए। आदिल राशिद ने अंत के ओवरों में कुछ अच्छे शॉट लगाए और 36 रन बनाते हुए स्कोर 309 तक पहुंचा दिया।

**ऑस्ट्रेलिया = 165-2 (20.4 ओवर)** – सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट और ट्रेविस हेड ने अपनी टीम को तेजतर्रार शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए 7 ओवर में 78 रन जोड़े। ट्रेविस 26 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट ने कप्तान स्टीव स्मिथ के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। मैथ्यूज ने इस दौरान 23 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से वनडे में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्हें 58 के स्कोर पर मैथ्यू पॉट्स ने जेमी के हाथों कैच आऊट कराया। मैथ्यूज शॉर्ट ने 30 गेंदों पर 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। अंत तक जोश इंग्लिस (28) के साथ बारिश आने तक स्मिथ (36) नाबाद रहे। मैच शुरू न हुआ तो ऑस्ट्रेलिया को डीएलएस के चलते विजेता घोषित कर दिया गया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज भी 3-2 से अपने नाम कर ली।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**इंग्लैंड** – फिलिप साल्ट, बेन डकेट, विल जैक्स, हैरी ब्रुक (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, आदिल राशिद

**ऑस्ट्रेलिया** – ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, आरोन हार्डी, कूपर कोनोली, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड

## संक्षिप्त समाचार



### लड्डू विवाद के बीच तिरुपति मंदिर पहुंच गए सीजेआई चंद्रचूड़, परिवार सहित लिया प्रसाद

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति बालाजी के लड्डुओं पर विवाद के बीच सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ रविवार को तिरुमाला श्रीवरी मंदर पहुंच गए। उन्होंने श्री वेंकटेश्वर की पूजा अर्चना की। सीजेआई अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी के मंदिर पहुंचे थे। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की तरफ से उनका सम्मान किया गया और उन्हें प्रसादम भी दिया गया। खास वैकुंठ पंक्ति से मंदिर में प्रवेश करने के बाद सीजेआई गर्भगृह में पहुंचे और भगवान वेंकटेश की पूजा की। दर्शन के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ और उनके परिवार को रंगनायकुला मंडपम के पुजारी ने आशीर्वाद दिया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने उन्हें भगवान वेंकटेश का पोर्ट्रेट और प्रसाद दिया। इससे पहले सीजेआई तिरुचानूर के स्त्री पद्मावती अम्मावरू मंदिर पहुंचे थे। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाए थे कि उनकी पूर्ववर्ती जगनमोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति के प्रसाद में गाय की चर्बी की मिलावट की जाती थी। उन्होंने कहा था कि जांच के बाद रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रसादम बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी में गाय और सुअर की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस भी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि राजनीतिक लाभ की वजह से झूठ फैलाया जा रहा है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और सोमवार को सुनवाई होने वाली है। इस मामले को लेकर सुब्रमण्यम स्वामी और तिरुमाला तिरुपति देवस्तानम के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कोर्ट में याचिकाएं फाइल की हैं।

### ओडिशा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 55 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा की मोहन माझी सरकार ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों का रविवार को बड़े पैमाने पर फेरबदल किया। 21 जिलों के पुलिस अधीक्षक (स्क) समेत 55 से अधिक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया। एक नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार, 1988 बैच के सीनियर आईपीएस अधिकारी ए. के. राय को डीजी (जेल और सुधार सेवाएं) नियुक्त किया गया है। 1993 बैच के विनयतोष मिश्रा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध शाखा) बनाया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, आरपी कोचे को खुफिया विभाग का नया निदेशक बनाया गया। अरुण बोथरा को एडीजी (रेलवे और तटीय सुरक्षा) और सौम्येंद्र कुमार प्रियदर्शी को नया एडीजी (आधुनिकीकरण) नियुक्त किया गया। एक अन्य अधिसूचना में सरकार ने कहा कि उसने पिनाक मिश्रा को भुवनेश्वर का नया पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नियुक्त किया है। साथ ही, सुरेशदेव दत्त सिंह को भुवनेश्वर-कटक कमिश्नरेट पुलिस का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। यह फेरबदरल ऐसे समय हुआ है जब सेना के कैप्टन से मारपीट और अधिकारी को थाने में हिरासत में लेने का मामला गरमाया हुआ है। गृह विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, सुरेशदत्त सिंह फिलहाल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में तैनात हैं, वो संजीव पांडा की जगह लेंगे। सेना के कप्तान और उनकी प्रेमिका से जुड़े मामले से निपटने के लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था। इस तरह पांडा को हटा दिया गया है। और बीजू पटनायक राज्य पुलिस अकादमी में वह ट्रेनिंग एंड डायरेक्टर एडीजी के पद पर तैनात हुए हैं। पांडा के डिप्टी प्रतीक सिंह डीसीपी भुवनेश्वर के रूप में काम कर चुके थे। उन्हें मामले को विवादास्पद तरीके से हैंडल करने के कारण एसपी (ग्रामीण) कटक के पद से हटा दिया गया है। इसी तरह, गंजम के एसपी जगमोहन मीना की कटक कमिश्नरेट पुलिस के डिप्टी सीपी के रूप में तैनाती हुई है।

# 100 से ज्यादा सीट और सीएम पद भी, महाराष्ट्र में बढ़ीं कांग्रेस की इच्छाएं

**मुंबई, एजेंसी।**
एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी में अब तक सीट शेयरिंग तय नहीं है, लेकिन अटकलें हैं कि कांग्रेस की नजरें राज्य के मुख्यमंत्री पद पर हैं। हालांकि, पार्टी ने इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। इससे पहले कई नेता इसके संकेत भी दे चुके हैं। साथ ही इस बात की संभावनाएं कम जताई जा रही हैं कि कांग्रेस आलाकमान 100 से कम सीटों पर माने। खास बात है कि साल 2019 में पार्टी डिप्टी सीएम के पद के लिए भी गठबंधन के साथियों को तैयार नहीं कर सकी थी।

रिपोर्ट के अनुसार, अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे ज्यादा सीटें और सीएम पद पर नजर बनाए हुए है। दरअसल, जून में संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था



और 13 पर जीत हासिल की थी। वहीं, साथी दल शिवसेना (यूबीटी) 21 पर चुनाव लड़ 9 सीटों पर विजयी रही। जबकि, 10 सीटों पर मैदान में उतरी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की 10 में से 8 सीटों पर जीत हुई थी। इनके अलावा सांगली से निर्दलीय सांसद विशाल प्रकाशबाबू पाटिल ने भी कांग्रेस को समर्थन दे दिया था।

अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि कांग्रेस के नेताओं को भरोसा था कि अगर वे रिजल्ट देने में कामयाब रहे, तो विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण में उनका पक्ष मजबूत रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के एक नेता ने कहा, कांग्रेस का महाराष्ट्र में मजबूत जनाधार है। क्षेत्रीय नेताओं को अगर अच्छा भविष्य नजर आता है, तो वे रिजल्ट दे सकते हैं।

रिपोर्ट में एमवीए सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कांग्रेस 288 में से 110-115 सीटों की तैयारी कर रही है। पार्टी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के लिए 90-95 और एनसीपी (एसपी) के लिए 80-85 सीटें छोड़ने के पक्ष में है। हालांकि, अब तक सीटों की संख्या पर अंतिम मुहर नहीं लगी है, लेकिन सूत्रों ने अखबार को बताया है कि पार्टी आलाकमान के 100 से कम सीटों पर मानने की संभावनाएं कम हैं। कांग्रेस की तरफ से गठबंधन के साथियों को बताया जाता रहा है कि चुनाव से पहले सीएम फेस का ऐलान नहीं किया जाएगा, लेकिन राज्य के नेता किसी तरह ऐसे संकेत दे रहे हैं।

## चोरी करने पहुंचा गिरोह, गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े चार बदमाश; दो पर था 50 हजार का इनाम

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद और थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में चार नकबजनों (दीवार में छेद करके चोरी करना) को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो बदमाश मुठभेड़ में घायल हो गए जबकि दो मौके से पकड़े गए। आरोपियों ने 10 जनवरी, 2024 को लोनी बॉर्डर क्षेत्र में सर्राफा की दुकान से शटर तोड़कर चोरी की थी। दो बदमाशों पर पुलिस ने 50-50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। इनके पास से दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस 315 बोर, दो आला नकब (सब्बल एक छोटा एक बड़ा), एक टार्च और चोरी किए हुए चांदी के सिक्के बरामद हुए हैं। बदमाशों के पकड़े जाने पर पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर, 2024 को उसे सूचना मिली कि ज्वैलर्स की दुकानों में चोरी करने वाला मध्य प्रदेश के पारदियों का गिरोह क्षेत्र मे दोबारा सक्रिय होकर चोरी की बड़ी वारदात करने की फिराक मे है। ऐसे में क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बेहटा हाजीपुर अंडरपास पर पारदियों के गैंग को घेर लिया गया। पुलिस मुठभेड़ में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें दो बदमाश घायल हो गये और दो अन्य मौके से गिरफ्तार किए गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर 10 जनवरी, 2024 को लोनी बॉर्डर क्षेत्र मे ज्वैलर्स की दुकान मे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। खलनायक पारदी की गिरफ्तारी पर पूर्व से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने 50-50 हजार का नगद पुरस्कार घोषित किया था।

## अब क्रॉसिंग रिपब्लिक में मदद के बहाने हिंदू से ईसाई, गाजियाबाद में धर्मांतरण का तीसरा केस; दिल्ली का पादरी फरार



**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम और मोदीनगर के बाद अब क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि दिल्ली का एक पादरी स्कूल परिसर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करा रहा था। हिंदू संगठन की सूचना के बाद पुलिस ने छापेमारी की। पादरी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने दो सगे भाइयों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस का कहना है कि पादरी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को डूंडाहेड़ा स्थित शांतिनगर के एकता पब्लिक स्कूल में धर्मांतरण कराए जाने की सूचना दी गई थी। पुलिस ने छापेमारी की और दो भाइयों पंकज और सचिन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह स्कूल में केयर टेकर के रूप में काम करते हैं और उनका परिवार स्कूल में ही रहता है।

रविवार को वह अपने घर में प्रार्थना का कार्यक्रम कराते हैं। जहां दिल्ली का पादरी राजू आकर लोगों को बाइबिल के बारे में ज्ञान देता है। मौके से पुलिस को बाइबिल की किताब भी मिली। एसीपी के अनुसार आरोपियों के घर में प्रत्येक रविवार को आसपास के लोगों की भीड़ जुटती थी। जहां राजू नामक पादरी बीमारी का इलाज करने और गरीबों की मदद करने बहाने उन्हें धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता था।

एसीपी वेव सिटी ने बताया कि पंकज के भाई सचिन ने छह महीने पहले ही ईसाई धर्म अपनाया है। दिल्ली के पादरी राजू के संपर्क में आकर उसने धर्मांतरण किया था। इसके बाद पंकज का भाई भी करीब चार महीने से लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने लगा था। जांच में सामने आया कि सचिन अपने घर में प्रार्थना करने से पहले मोहल्ले में रहने वाले अन्य व्यक्ति के घर जाया करता था।

## यमुना एक्सप्रेसवे को केजीपी से जोड़ने का रास्ता साफ, दनकौर के पास बनेगा इंटरचेंज

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के जगनपुर-अफजलपुर के पास यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) को जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने यहां प्रस्तावित इंटरचेंज के निर्माण की अनुमति दे दी है। अनुमति के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने भी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि इसके निर्माण में एक वर्ष का समय लगने का अनुमान है।







यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज को बनाने का काम वर्ष 2023 में शुरू हुआ था। प्राधिकरण ने निजी कॉन्ट्रैक्टर को इसे बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव ने इसका शिलान्यास किया था। इसके निर्माण में 122 करोड़ रुपये खर्च होने थे। दावा किया जा रहा था कि एयरपोर्ट शुरू होने से पहले इसे तैयार कर दिया जाएगा, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही डेवलपर कंपनी ने इसके निर्माण में लगने वाली मिट्टी पर खर्च होने वाले 22 करोड़ रुपये का एस्टीमेट डाल दिया और काम रुक गया। 22 करोड़ का पेंच फंसने के चलते कई महीने तक निर्माण नहीं हो सका, बाद में प्राधिकरण ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हीं से इंटरचेंज बनाने के लिए सहमति बनाई, लेकिन इसके लिए शासन की अनुमति की आवश्यकता थी। कई महीनों से अनुमति का इंतजार जारी था, लेकिन अब शासन ने इसके लिए अनुमति दे दी है, जिससे इसके निर्माण का रास्ता खुल गया है। 2019 में पहली बार हुआ था कंपनी का चयन

वर्ष 2019 में सबसे पहले इस इंटरचेंज को बनाने का काम शुरू हुआ था, लेकिन किसानों के विवाद के चलते कंपनी काम नहीं कर पाई। करीब चार साल का समय किसानों के साथ विवाद ना सुलझने की वजह से बर्बाद हो गया, जोकि वर्ष 2023 में सुलझ गया था, लेकिन उसके बाद संबंधित ठेकेदार कंपनी ने 22 करोड़ की मांग रख दी, जिसके चलते एक बार फिर से काम रुक गया।

## पाकिस्तान में ऐसा संकट कि 6 मंत्रालय ही बंद और डेढ़ लाख नौकरियां खत्म

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान ऐसे आर्थिक संकट में घिर गया है कि अब उसने डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां समाप्त कर दी हैं। इसके अलावा 6 मंत्रालयों को ही भंग कर दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि सरकारी खर्च को रोका जा सके। यही नहीं दो मंत्रालयों का अन्य विभागों के साथ विलय कर दिया गया है। आईएमएफ से 7 अरब डॉलर की लोन डील के तहत पाकिस्तान सरकार ने ये कदम उठाए हैं। पाकिस्तान लगातार संकट के दौर से गुजर रहा है और आईएमएफ से लोन की एक किस्त मिलने के बाद भी उसका संकट समाप्त नहीं हुआ है। अब वह एक और राउंड का लोन लेने के लिए जुगत भिड़ा रहा है।

आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए मंजूर लोन की पहली किस्त 26 सितंबर को जारी की थी। इसके तहत 1 अरब डॉलर का पैकेज घोषित किया गया है। आईएमएफ ने इसके साथ ही पाकिस्तान सरकार को आदेश दिया है कि वह अपने खर्च घटाएं, टैक्स में इजाफा करे, कृषि और रियल एस्टेट जैसे सेक्टरों में पर भी टैक्स लगाया जाए। इसके अलावा सब्सिडी खत्म की जाए और कुछ योजनाओं को भी सीमित किया जाए। अमेरिका से लौटे पाकिस्तानी वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि आईएमएफ के साथ डील हो गई है। यह हमारी आखिरी डील होगी। हमें इसके तहत कुछ नीतियों को लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि इसी के तहत हम सरकारी खर्चों में भी कटौती कर रहे हैं। 6 मंत्रालयों को बंद किया जाएगा और दो का विलय किया जाएगा।

# नेपाल में बाढ़-भूस्खलन- 4 दिन में 170 लोगों की मौत:50 से ज्यादा लापता





**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां गुरुवार से लगातार पानी गिर रहा है। इसकी वजह से पूर्वी और मध्य नेपाल के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ भी आई है।

अकेले काठमांडू घाटी में 40 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की वजह से 55 से ज्यादा लोग लापता हैं और 100 से अधिक घायल हुए है। साथ ही कम से कम 322 घर और 16 पुल अब तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

सड़कों पर फंसे हुए हैं लोग भारी बारिश और बाढ़ की वजह से सड़कों पर भूस्खलन और जलभराव हुआ है। इसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए 20 हजार से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों को लगाया हुआ है। अब तक करीब 3600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। भूस्खलन के बाद सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। भूस्खलन के बाद सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते सैकड़ों लोग सड़कों पर फंसे हुए हैं। बिहार में भी बाढ़ की संभावना नेपाल में बारिश के कारण 56 साल बाद कोसी नदी रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। शनिवार को नेपाल से भी 5 लाख 93 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे गंडक बराज में पानी 5 लाख क्सूसेक तक पहुंच जाएगा। गंडक के आसपास जिलों के निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। बगहा, बेतिया, गोपालगंज, छपरा आदि जिलों में बाढ़ की संभावना है। बिहार का शोक कही जाने कोसी नदी तिब्बत से निकलती है जो चीन और नेपाल होते हुए भारत पहुंचती है।

## रूस के 6.5 लाख सैनिक मारे गए, 8 हजार से ज्यादा टैंक तबाह

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने दावा किया है कि फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक रूस के 6.5 लाख से ज्यादा सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेनी सेना के प्रमुख ने कहा है कि 29 सितंबर को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक रूस के सैनिक बड़ी संख्या में मारे गए हैं। एक ही दिन में रूस के 1170 सैनिकों को मार दिया गया। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 8869 टैंक, 17476 हथियारबंद वाहन और 25 हजार से ज्यादा अन्य वाहन और फ्यूल टैंक बर्बाद कर दिए गए हैं।

यूक्रेन ने बड़े दावे करते हुए कहा कि रूस को कम से कम 18 हजार आर्टिलरी सिस्टम, 1204 रॉकेट लॉन्च सिस्टम, 962 एयर डिफेंस सिस्टम और 369 एयरक्राफ्ट और 328 हेलिकॉप्टर कुर्बान करने पड़े हैं। इसके अलावा 16 हजार से ज्यादा ड्रोन और 28 शिप और बोट के साथ एक पनडुब्बी भी तबाह हो गई है। यूक्रेन ने जिस दिन ऐसा दावा किया उसी दिन दक्षिणी यूक्रेन में रूस ने हमला किया। इस हमले में 16 लोगों के घाय होने की खबर है। रविवार सुबह ही रूस ने जपोरिज्जिया इलाके में हवाई हमले शुरू कर दिए। घायल होने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा दोनेत्स्क रीजन मे भी रूसी हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यलाय के प्रमुख ऐंड्रीय येरमाक ने इन हमलों की निंदा की है और कहा है कि रूस आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस किसी तरह आम नागरिकों के मन में डर बैठाना चाहता है।

# अमेरिका में 38 लाख छात्रों को पड़े खाने के लाले !

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार की एक संस्था के अनुसार देश में ऐसे लाखों कॉलेज छात्र हैं जिन्हें भरपेट खाना नसीब नहीं है। गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस (जीएओ) की एक स्टडी के मुताबिक 2020 में 38 लाख छात्रों ने भोजन की कमी होने की जानकारी है। इनमें आधे से अधिक छात्रों का कहना था कि पैसा नहीं होने की वजह से वे खाना नहीं खा सके। कई दशकों से कॉलेज छात्रों को पर्याप्त भोजन न मिलने की शिकायत है। अब यह बड़ा संकट बन चुका है। कॉलेजों में कम आमदनी वाले परिवारों के ज्यादा छात्र दाखिला ले रहे हैं। एडमिशन फीस, हाउसिंग और जीवन-यापन के अन्य खर्च बढ़े हैं। रिसर्च से पता लगा है खाने की कमी से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। छात्रों के कॉलेज पास करने की दर कम हुई है। हालांकि, सरकार के सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन एसिस्टेंस प्रोग्राम (स्नैप) के तहत कम आय वालों को भोजन के लिए मदद दी जाती है। कुछ शर्तें पूरी न करने के कारण लाखों कॉलेज छात्रों को मदद नहीं मिलती है। स्नैप की मदद के लिए 45 लाख छात्र आय मापदंड के दायरे में आए। लेकिन 33 लाख छात्र सिर्फ शर्त पूरी कर पाए। फिर भी, इनमें से दो तिहाई छात्रों ने बताया कि उन्हें पात्रता के बावजूद स्नैप की मदद नहीं मिली है। स्नैप से औसतन 80त्न पात्र परिवारों को मदद मिलती है। लेकिन, 30त्न छात्र उसकी मदद हासिल कर पाते हैं। खाने की कमी का छात्रों की शिक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। भूख के कारण छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित नहीं हो पाता, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रदर्शन प्रभावित होता है।



भोजन की कमी से कई छात्र कॉलेज छोड़ने का निर्णय लेते हैं, जिससे उनकी भविष्य की संभावनाएँ कम हो जाती हैं। भोजन की कमी और आर्थिक समस्याएँ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं, जिससे चिंता, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। जब छात्रों को अपने साथियों के सामने भोजन की कमी का सामना करना पड़ता है, तो इससे उनकी आत्म-सम्मान में कमी आती है। बेशक कई कॉलेज अब भोजन सहायता कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं, जैसे फूड पैंट्रीज़, जहाँ छात्रों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन अमेरिका सरकार को स्न्नक्क कार्यक्रम को और अधिक सुलभ बनाने और उन छात्रों के लिए विशेष योजनाएँ विकसित करने की आवश्यकता है जो इस कार्यक्रम से वंचित रह जाते हैं।

## खुद से शादी करने वाली टिकटॉक स्टार कुबरा अयकुट की मौत; पांचवी मंजिल से गिरीं

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्किये की टिकटॉक इनफ्लुएंसर कुबरा अयकुट की महज 26 साल की उम्र में मौत हो गई। कुबरा अपने वेडिंग विदाउट ए ग्रूम (खुद से शादी करने) वाले वीडियो के लिए बहुत मशहूर हुई थीं। तुर्किये की मीडिया के अनुसार, टिकटॉक इनफ्लुएंसर की मौत सोमवार को इस्तांबुल के सुल्तानबेली जिले में एक लक्जरी अपार्टमेंट इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरने से हुई। स्थानीय अधिकारियों को उनके शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। फैंस ने बताया कि मृत्यु से पहले सोशल मीडिया पर अयकुट ने चिंताजनक पोस्ट डाला था। मृत्यु से ठीक पहले उन्होंने अपने वजन बढ़ने के अनुभव के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक दुख भरा संदेश लिखा था। उन्होंने कहा, मैंने अपनी ऊर्जा जमा कर ली है, लेकिन मेरा वजन नहीं बढ़ रहा है। रोजाना कुछ किलोग्राम से वजन घट रहा है। मुझे नहीं मालूम क्या करूं? मुझे तत्काल वजन बढ़ाने की जरूरत है। विशेष रूप से 2023 में उन्होंने अपनी अपरंपरागत वेडिंग विदाउट ए ग्रूम सीरिज से पहचान हासिल की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129